R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -256 | ग्वालियर, शनिवार 27 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# विकास ही मेरी प्राथमिकता रहा हैः श्री भारत सिंह कुशवाह

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने देश का सभी क्षेत्रों में विकास किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाही हो रही है। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा को कार्य रूप में उतार रहे हैं, जिस कारण देश के भ्रष्टाचारी परेशान हैं और पानी पी-पी कर एक दूसरे को कोसने वाले राजनीतिक दल एक गठबंधन बनाकर एक हो गए हैं। यह बात शुक्रवार को पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने अपने जनसंपर्क करते हुए कही। श्री कुशवाह ने आज अपना जनसंपर्क दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मोर बाजार से प्रारंभ कर, दाना ओली, नई सड़क, गष्त का ताजिया, राममंदिर, छप्पर वाला पुल, शिंदे की छावनी होते हुए माता वाली गली पर समाप्त किया। इस दौरान श्री कुशवाह का पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने फूल माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षाकर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।



उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की डबल इंजन की सरकार निरंतर ग्वालियर के विकास के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है। विकास ही मेरी प्राथमिकता रहा है। मैं आप सबको आश्वस्त करता हूं कि मैं भी ग्वालियर के विकास में कोई भी कोर कसर नहीं छोडूंगा। मुझे पूर्ण विश्वास है और नेतृत्व को भी पूर्ण भरोसा है कि हमेशा ग्वालियर के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्वालियर की जनता का अशीर्वाद सदैव भारतीय जनता पार्टी के ऊपर रहा है और इस बार भी रहेगा। इसलिए आप सभी 7 मई को अपने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर कमल के बटन को दबाकर भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएं।

इस अवसर पर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, श्री अशोक पटसारिया, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, सभापति श्री मनोज तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व सभापति श्री बृजेंद्र सिंह यादव, श्री विनोद शर्मा, श्री राजू पलैया, जिला मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, श्री नवीन परांडे, श्री विवेक जोशी, श्री सुसेंद्र परिहार, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी, पार्षद श्री अनिल सांखला, श्री संजीव पोतनीस, श्री अजय तिवारी, श्री मुन्ना सिंह कुशवाहा, श्री मुन्नेश जादौन, श्री उमेश मित्तल, श्री सुघर सिंह पवैया, श्रीमती नीलिमा शिंदे, एड. श्री आकाश सिंह भदौरिया( बन्टी), श्रीमती यामिनी परांडे, श्रीमती ममता अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष श्री महेंद्र श्रीवास्तव, श्री अमित बंसल, श्री मनोज मुटाटकर, श्री विनय शर्मा ,श्री सुनील श्रीवास्तव ,श्री रमेश सेन, श्री भूपेंद्र कुशवाहा, श्री सतीश बोहरे, श्री राजेंद्र शर्मा, श्री चंद्र प्रकाश खंडेलवाल, श्री नरसिंह राठौर, श्री निशिकांत मोघे, श्रीमती गिरजा गर्ग, श्री नवीन कुशवाहा, श्री गौरव बाजपेई, श्री विशाल शर्मा, श्री अखिलेश राजौरिया, श्री जितेन्द्र जायसवाल, श्रीमती रीता चाचडा, श्री विपिन बिहारी गोयल, श्री भारत शाक्य, श्री सुनील भदौरिया, श्री चेतना तोमर, श्री जितेन्द्र तोमर, श्री हेमचंद शाक्य, श्री अनु तोमर, श्री अमित सूरी, श्री रवि तोमर, श्री घनश्याम कुशवाह, श्री विकास साहू, श्री भगवान सिंह कुशवाहा, श्री अनूप उदैनिया, श्री योगेश मिश्रा, श्री बी. पी. सिंह, श्री विपुल जैन, श्री अमित श्रीवास्तव, श्री अशोक साहू, श्री रामदास मिश्रा, श्री भूषण नारले, श्रीमती गिरजा गर्ग, श्री हेमंत चौपडा सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भीः नरेन्द्र मोदी

फारबिसगंज/अररिया (बिहार)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है।



प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है।

मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।



## जगह-जगह डले विमार घायल गौवंश कोई नहीं सुध लेने वाला,जिम्मेदार कर रहे झुठी घोषणाएं और दिखावा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/संतोष सिंह चौहान

लहार नगर में शासन प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा आये दिन गौ संरक्षण की झुठी घोषणाएं किये जानें और गायों के हित के लिए कार्य किये जानें के सम्बन्ध में नगर में एलाउंस मेंट कर जनता को मुर्ख वनाकर चुनावी माहौल बनाते देखा जाता है जबकि धरातल की सच्चाई यह है की लहार नगर में रोज घायल विमार गौवंश उपचार एवं रखरख चारे पानी की व्यवस्था के आभाव में तड़प तड़प कर दम तोड रहे हैं लहार नगर में विमार घायल गौवंशो को रखने के प्रशासनिक स्तर पर कोई इंतजाम नहीं है घायल विमार गौवंश रोड किनारे ही डले डले तड़पते रहते हैं और गौ हित की घोषणाएं करने वाले नेता तड़पते गौवंशो को देखकर मुंह मोड़कर निकल जाते हैं फिर वही नेता किसी मंच पर गौसंवर्धन की घोषणाएं करते नजर आते हैं लहार विधानसभा में गौ हित की घोषणाओं का दौर लम्बे समय से चल रहा है लेकिन इन घोषणाओं का लाभ नेताओं को मिल गया हो लेकिन वेसहारा गौमाता को धरातल पर रती भर लाभ आज तक नहीं मिला,नाही गौमाता पर राजनीति करने वाले नेताओं की झुठी घोषणाओं का दौर खत्म हो रहा है और नही गौमाता की दुर्दशा के हालातों में सुधार हो रहा है,भुखी गौमाता रोड पर कचडा खा रही है विमार घायल गौवंशो को शिकारी कुत्ते जिन्दां हालत में शिकार वना रहे हैं लहार नगर के वार्ड नं 9 अंबेडकर नगर में रोड किनारे दो-दिन से डले 3 गौवशो को बचाने का प्रयास कर रहे स्थानीय गौसेवक देवेंद्र सिंह मझतोरा ने बताया की में कई बार पशू चिकित्सा मनोज शर्मा को फोन लगाया चुका नगरपालिका में सुचना दे चुका लेकिन कोई इन बिमार, दर्द से तड़पते गौवंशो की सुध नहीं ले रहा जिम्मेदार इनके मरने का इंतजार करते नजर आ रहे हैं।

## डबरा पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक की बेरहमी से की मारपीट

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

डबरा सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक परवेज खान पुत्र आजाद खान उम्र 22 वर्ष निवासी सिमरिया ताल की पुरानी रंजिश को लेकर कुछ दबंगों ने बेरहमी से लाठी और डंडों से घेर कर मारपीट कर दी जिससे युवक को गंभीर चोटें आई है सूचना मिलते ही घायल के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को डबरा सिटी थाने लेकर पहुंचे जहां पर पुलिस ने घायल को डबरा सिविल अस्पताल उपचार के लिए भेजा यहां पर डॉक्टरों ने घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायल के भाई शाहिद खान ने बताया उनके भाई के किसी व्यक्ति के पास पैसे आ रहे थे जिन्हें लेने के लिए उनके भाई को कुछ लोगों ने फोन करके डबरा बुलाया था जहां पर रामगढ़ डाँडा पर कुछ दबंग लोगों ने उनके भाई पर अचानक से लाठी और डंडों से हमला कर दिया जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलने के बाद सभी परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को डबरा थाने लेकर आए यहां पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है




# कार्यकर्ता अपनी पराकाष्ठा के साथ प्रत्येक समाज तक पहुंचकर संपर्क करें : नरेन्द्र सिंह तोमर

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

समाचार पत्र

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और विचार आधारित पार्टी है। आप सभी का कार्य पार्टी के लिए समर्पण है। सभी कार्यकर्ता सालों भर पार्टी के लिए कार्य करते हैं। सभी कार्यकर्ता लगन से कार्य करते हैं और आप सभी कार्यकर्ता अपने कार्यो को और तेज गति देने का कार्य करें, क्योंकि अब मतदान में कम समय बचा है। कार्यकर्ता अपनी पराकाष्ठा के साथ प्रत्येक समाज तक पहुंचकर संपर्क करें। इस चुनाव को कार्यकर्ता स्वयं अपने को प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ें। उक्त बात शुक्रवार को मप्र विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में सिंधिया नगर में आयोजित सामाजिक समरसता सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग की चिंता की गई है और उनका जीवन बदलने का काम किया गया है। राष्ट्र और प्रदेश को परम वैभव की ओर ले जाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। जब-जब भी आप दृढ़ निश्चय के साथ मैदान में उतरे हैं और मन लगाकर काम किया है, तब-तब पार्टी ने बहुमत से जीत हासिल की है।



***प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत 2047 तक विश्व गुरू बनेगा***

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर वहां भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत 2047 तक विश्व गुरू बनेगा। उन्होंने कहा कि आज विकास का मामला हो, संस्कृति का मामला हो, सभ्यता का मामला हो, सीमा की सुरक्षा का मामला हो, सैन्य बलों का मनोबल बढ़ाने, गरीब के जीवन स्तर में बदलने, किसानों को सम्मान निधि देने, लाड़ली बहनों को सम्मान देने, हर घर में शौचालय बनवाने, हर घर में गैस का सिलेंडर पहुंचाने का मामला हो यह सारे के सारे सवाल वही हाल कर सकता है जो नेता देश की गरीब जनता के कल्याण के लिए सोचता हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसे ही राजनेता हैं जो हर व्यक्ति के कल्याण और देश के विकास, जनता के सम्मान के लिए कार्य करते हैं।

***आम आदमी की चिंता करने वाले मोदी जी पहले प्रधानमंत्री***

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री के रूप में ऐसा नेता मिला जिन्होंने दिल्ली में बैठकर ग्वालियर के गरीबों की चिंता की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसे ही नेता हैं, तो दिल्ली में बैठकर देशभर के गरीबों, बेसहारों, दलितों, वंचितों और जनतातीयों के कल्याण की चिंता करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आम आदमी की चिंता करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। अगर देश के कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने देश के गरीबों की चिंता की होती तो आज भारत की तस्वीर अलग होती।

***कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है- श्री भारत सिंह कुशवाह***

पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है। कांग्रेस झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर राजनीतिक षड्यंत्र के साथ सत्ता हथियाना का प्रयास करती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर उनके विकास के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं और पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम के बल पर भाजपा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत से जीत कर सरकार बनाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी श्री जयप्रकाश मिश्रा, श्री अशोक जादौन सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित थे

# यूवा नेता रणविजय सिंह मित्र की वेटी में हुये शामिल,लिया संत श्री का आशीर्वाद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

/संतोष सिंह चौहान। लहार विधानसभा के भाजपा के लोकप्रिय यूवा नेता राजा रणविजय सिंह राजावत (महुआ) अपने सहपाठी मित्र राजेश सोनी उर्फ (मामा) की वेटी की शादी में शरयू वाटिका लहार में सम्मिलित हुऐ, इस दौरान शादी समारोह में पधारे मैहरा आश्रम के परम पूज्य संत श्री कमलेश पूरी महाराज की चरण वंदना कर यूवा नेता रणविजय सिंह ने महाराज श्री से आशीर्वाद भी प्राप्त किया यहां बता दें कि युवा नेता रणविजय सिंह की व्यवहार शैली इतनी अच्छी है की जो एक बार रणविजय सिंह से जुड गया उसने कभी उनका साथ नहीं छोडा और रणविजय सिंह ने कभी भी अपने मित्र,सहयोगियों, समर्थकों का ज़रुरत पड़ने पर सहयोग करने से मुंह नहीं मोडा रणविजय सिंह की यही खासियत के चलते उनके समर्थकों का कारवां दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है



## छात्राओं ने नगर और विद्यालय का नाम किया रोशन

मुंगावली/ नगर मुंगावली में एक बार फिर छात्राओं ने हाई स्कूल के रिजल्ट आने पर बाजी मारी और अपने माता पिता विद्यालय और शहर को गौरवान्वित महसूस कराया, निजी विद्यालय मां कान्वेंट हाई स्कूल मुंगावली की होनहार छात्रा माही साहू पुत्री श्री राजेश साहू ने हाईस्कूल परीक्षा में 481/500= 96.2त्न से अशोक नगर जिले में दूसरा स्थान और मुंगावली नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेजल यादव पुत्री कमलसिंह यादव ने 474/500=94.8त्न, कोयना जैन पुत्री विकास जैन 471/500=94.2त्न?क प्राप्त कर विधालय और मुंगावली नगर का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया। बही कक्षा 12ह्लद्ध की छात्रा अक्षरा ताम्रकार ने कला विषय में अशोकनगर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और शासकीय कन्या शाला और परिवार नगर का नाम बड़े अक्षरों में ही अंकित किया।इन सभी छात्राओं को विधालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।




# रास्ते में दल-दल और जल भराव गांव की दुर्दशा की जिम्मेदार,संध्या राय-,कोकसिह चौहान

## जगह–जगह चल रहा जनसंपर्क लेकिन जनप्रतिनिधि ग्राम सींहपुरा को कर रहे नजर अंदाज

## संघ और भाजपा को समर्पित गांव की भाजपा सरकार में अंनदेखी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/संतोष सिंह चौहान

लहार विधानसभा के ग्राम सिंहपुरा गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर भिंड-दतिया लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय पर अंनदेखी का आरोप लगाकर रास्ते के दल-दल एवं जल भराव की समस्या का पूर्णतया श्रीमती सांसद संध्या राय को जिम्मेदार बताने वाले आर एस एस,विद्याभारती के जिला अध्यक्ष कोक सिंह चौहान की नारजी कम होती नहीं दिख रही दुसरी ओर ग्राम सीहंपुरा के ग्रामीण भी अब रोड निर्माण की मांग और शासन प्रशासन के अंनदेखी के रैवय को लेकर विरोध जाहिर करते नजर आ रहे हैं सुत्र वता रहे हैं की नाराज़ ग्रामीणों की समस्या को जिम्मेदारों ने इसी तरह नजर अंदाज किया तो चुनाव बहिष्कार भी हो सकता है दुसरी ओर भाजपा के नेता जनप्रतिनिधि, प्रत्याशी गांव गांव जाकर सतत् जनसंपर्क कर रहे हैं लेकिन संघ और भाजपा को समर्पित गांव सीहंपुरा के लोगों के रास्ते की समस्या एवं कष्टदायक हालात देखने जाने और समस्या का समाधान करने की पहल कोई नहीं कर रहा जिससे ग्रामिणो में आक्रोश व्याप्त है ग्राम सीहंपुरा के निवासी अशोक चौहान का कहना है की हमारे साथ हर वार नेताओं ने जनप्रतिनिधियों ने छलावा किया है झुठे आश्वासन देकर विश्वासघात किया गया है चुनाव जीतने के बाद किसी ने हमारे गांव की समस्या पर ध्यान नहीं दिया



केसरिया हिन्दुस्तान

# नवल किशोर शाक्य को सांसद बनाने के लिए अंगद का पैर बनकर चुनावी समर में कूदे राम बृजेश यादव

## अलीगंज विधानसभा में अपनी लोकप्रियता के चलते जन-जन के चहेते जनप्रतिनिधि बने हुए हैं प्रधान जी



*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

फर्रुखाबाद वर्तमान में लोकसभा चुनाव का महाभारत अपने शबाब पर है, गला काट प्रतिस्पर्धा के चलते सत्ता पक्ष और विपक्ष में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर वोटर को अपने पक्ष में मोड़ने के जादुई करिश्मा से चुनाव जीतने का चक्रव्यूह रचकर पूरी तरह से तैयार है। मतदाता है कि जो भी सामने पहुंच गया उसी को वोट देने का भरोसा दे रहा है लेकिन असलियत की चुप्पी तोड़ने का नाम नहीं ले रहा है। चुनाव में अपने-अपने चहेते प्रत्याशियों को जिताने के लिए समर्थक भी चोटी से लेकर एडी तक की दम खम लगाए हुए हैं। प्रधान जी के समर्थन में जरूरतमंदों के मसीहा युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं कट्टर समाजवादी नेता को फर्रुखाबाद का सांसद बनाने का अभियान छेड़ रखा है, वे अपने लगभग दो दर्जन से अधिक प्रधानगण एवं सैकड़ो समर्थकों के साथ पूरे इलाके में डॉ नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिये आम जनमानस में अभियान छेड़े हुए हैं।हमारे संवाददाता ने फर्रुखाबाद के लोकसभा चुनाव डॉ नवल किशोर शाक्य को सांसद बनाने का संकल्प लेकर इलाके भर में चुनावी सफर को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य करने वाले राम बृजेश यादव प्रधान जी से एक इंटरव्यू के दौरान जानना चाहा कि आप डॉ नवल किशोर शाक्य को ही फर्रुखाबाद से सांसद बनना क्यों चाहते हो तो इस पर प्रधान जी ने तपाक से उत्तर देते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है की डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने सभी जात धर्म के लोगों की मदद की है और डॉक्टर होने के नाते क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है जनता उन्हें लाइक करती है पसंद करती है और हम समाजवादियों को उम्मीद ही नहीं आशा भी है कि अगर डॉक्टर नवल किशोर शाह के सांसद होते हैं तो फर्रुखाबाद लोकसभा का विकास होगा युवा नौजवान जो बेरोजगार घूम रहा है सड़कों की हालत देनी है उसको सुधारने में डॉक्टर साहब खरे उतरेंगे डॉ नवल किशोर शाक्य फर्रुखाबाद वासियों के लिए निर्विवाद जनप्रतिनिधि साबित हुए हैं। इसी वजह से मैंने उन्हें सांसद बनाने का बीड़ा उठाया है जो ईश्वर की कृपा से पूर्ण होगा।

राम बृजेश यादव प्रधान ने जोर देते हुए यह भी कहा कि आजादी से लेकर अब तक फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से जितने भी सांसद हुए हैं वोट लेने के बाद उनमें से किसी ने भी फर्रुखाबाद के विकास की ओर मुड़कर नहीं देखा। यह अभियान डॉक्टर को जिताने तक जारी रहेगा।

यह भी बताते चलें कि वर्तमान में डॉ नवलकिशोर के लिए प्रधान ने तमाम लोगों से दो टूक कह दिया के मैं पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के साथ हूं और नवलकिशोर को जीतने के लिए मेरे द्वारा दिया गया वचन और संकल्प से मुझे दुनिया की कोई भी ताकत हिला नहीं सकती है। मैं पूरे तन मन और धन के साथ डाक्टर को जीत दिलाने से 1 इंच भी पीछे नहीं हटूंगा।

# अलीगंज चुनाव प्रभारी बने राम बृजेश यादव

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*



समाजवादी पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव को मजबूत बनाने में लगी हुई है पार्टी लगातार हर लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रभारी की नियुक्ति कर रही है इसी को देखते हुए फर्रुखाबाद लोकसभा सीट की विधानसभा अलीगंज में 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए श्री राम बृजेश यादव पुत्र श्री मिही लाल यादव निवासी चूकटी खेड़ा जैथरा को समाजवादी पार्टी द्वारा अलीगंज विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष परवेज जुवैरी ने अलीगंज विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। आपको बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के लिए अपना खून पसीना एक करने वाले समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने वाले राम बृजेश यादव जिन्होंने समाजवादी पार्टी से कंधे से कंधा मिला करके अलीगंज विधानसभा में समाजवादी पार्टी को बुलंदियों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया और दबे कुचले अगडे पिछड़े सभी जाति धर्म के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया समाजवादी पार्टी के लिए निष्पक्ष कार्य करने वाले स्वतंत्र निष्पक्ष निर्भीक नेता के रूप में जाने जाते हैं समाजवादी पार्टी के लिए अच्छा योगदान देने पर जिला अध्यक्ष द्वारा अलीगंज विधानसभा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर राम बृजेश यादव को बधाई देने वालों का तांता लग गया और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने यहां तक कहा कि अब अलीगंज विधानसभा का कुछ भला होगा क्योंकि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष की बिटिया ग्रेसी खत्री ने किया पहली बार मतदान




दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

दमोह। लोकतंत्र में प्राप्त मताधिकार का पहली बार प्रयोग करते हुए शहर के बूथ क्रमांक 137 नंबर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री की बिटिया ग्रेसी खत्री ने लोकतंत्र के महायज्ञ में पहली बार अपने वोट की आहुति दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री ने बताया कि मैंने अपनी बिटिया ग्रेसी खत्री से नहीं कहा कि अपने मत का उपयोग कहां करना है परंतु मत के उपयोग करने के बाद मैंने उससे पूछा कि तुमने किसको वोट दिया है तो उसका जवाब था कि मेरा वोट उनको जिन्होंने देश का मान और सम्मान पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया है मेरा वोट उनको जो 2047 तक विकसित, समृद्ध, और शक्तिशाली भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं!




# संध्या राय के समर्थन में भाजपा जनों ने किया जनसंपर्क

भिण्ड- गोपाल त्रिपाठी

भिण्ड -सांसद भिंड दतिया एवं भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में भाजपा जनों सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सघन जनसंपर्क किया भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर, एवं नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष ममता भदोरिया ने बताया की भिंड दतिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में शुक्रवार को भाजपा जनों सहित महिला मोर्चा की बहनों ने मेहगांव विधानसभा के ग्राम अशोखर, किरपेपुरा एवं विभिन्न गांव में मोदी की गारंटी के पर्चे बांटे एवं सांसद भिंड- दतिया एवं लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय को ऐतिहासिक मतों से जिताने का आमजन से आग्रह किया इस दौरान

नगर परिषद् पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ममता भदौरिया ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवम् प्रभारी श्रीमती सुधा राठौर ,महिला मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री एवम् प्रभारी श्रीमती पूर्णीमा भदौरिया,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवम प्रभारी श्रीमती बबली तोमर,पूर्व सरपंच एवम् महिला मोर्चा जिला महामंत्री संगीता कौशल,सेक्टर प्रभारी कमल किशोर नरवरिया जी सत्यदेव सिंह नरवरिया आदि कार्यकर्ता एवं बहने उपस्थित रही।

दमोह लोकसभा सीट पर 05 बजे तक मतदान प्रतिशत

दमोह जबेरा विधानसभा-55.54%

- पथरिया विधानसभा-55.12%
- हटा विधानसभा-57.48%
- दमोह विधानसभा-53.71%
- रहली विधानसभा-46.66%
- देवरी विधानसभा-49.85%
- बंडा विधानसभा-55.02%
- बड़ामलहारा विधानसभा-55.55%

कुल मतदान-53.66 %

# अमनदीप कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में रोगी सुरक्षा को और भी बेहतर बनाने हेतु नेशनल कांग्रेस का आयोजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

÷रोगी सुरक्षा को ओर भी बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षमताओं को पूर्ण तरीके से इस्तेमाल करना के ÷ विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में हरपीत सिंह, नगर निगम कमीश्नर ,अमृतसर विशेष रूप से उपस्थित थे। देश भर से आए प्रख्यात वक्ताओं




ने छात्रों को रोगी सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और गुणवत्तापूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक पैनल चर्चा ने व्यावहारिक चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रस्तुति और शोध पत्र प्रस्तुति के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने में उनके अथक प्रयासों के लिए आयोजक टीम को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य नर्सिंग प्रोफेशनलस को रोगी सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाना है, और दूसरे दिन की कार्यवाही ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। डॉ. शाहबाज़ सिंह ने कहा, नर्सें स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ की हड्डी होती हैं, और उनकी कार्य में निपुणता मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अप्रैल को ओरैया में,अजीतमल में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में होगी जनसभा

औरैया 26 अप्रैल। जिले की ओरैया विधानसभा क्षेत्र के अजीतमल स्थित जनता महाविघालय ग्राउंड में 27 अप्रैल को इटावा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया के पक्ष में चुनावी जनसभा को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। यहां वह भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और आम जनता से चुनाव में मतदान के लिए जोश भरेंगे। भाजपा प्रत्याशी के लिए मतदाताओं को साधने की कोशिश करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह,जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारियों व प्रशासन ने तैयारियां पूरी कीं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

शनिवार को जनता इंटर कालेज अजीतमल में बने हेलीपैड पर विशेष हेलीकाप्टर से तीन बजे उप्र के मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ उतरेंगे और तीन बजकर 10 मिनट पर वह कार द्वारा जनता महाविघालय ग्राउंड में पहुंचेंगे ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बजकर पचपन मिनट तक वह चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। और 4 बजकर पांच मिनट पर वह लखनऊ प्रस्थान कर जयेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इटावा लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए प्रचार प्रसार चल रहा है। उनके कार्यक्रम को लेकर पंडाल, मंच, हेलीपैड व मैदान स्थल सब तैयार है। इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया के समर्थन में जनसभा होगी। डीएम व एसपी समेत अन्य अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया। हेलीपैड, मंच पंडाल व मैदान का निरीक्षण किया। जनसभा स्थल के आसपास पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। वही भाजपाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में लोगो को पहुँचने के लिए गांवों में जाकर पीले चावल देकर आमंत्रित कर रहे है।

वही जनसभा में इटावा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिबियापुर, औरैया,भरथना, सिकंदरा,इटावा क्षेत्र से भारी भीड़ जुटेगी।


# मंडलायुक्त और अपर आयुक्त प्रशासन ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। जनपद मथुरा में आज दिनांक 26 अप्रैल को लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान हुए। मतदान सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके, इसके दृष्टिगत मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी जी ने अपर आयुक्त प्रशासन श्री राजेश कुमार जी के संग जनपद मथुरा के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया एवं शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




मंडलायुक्त ने बल्देव विधानसभा क्षेत्र में नवीन प्राथमिक विद्यालय महुअन, मथुरा विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज इत्यादि मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। यहाँ चल रही मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लाइन में खड़े मतदाताओं से बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि मतदान के दौरान किसी भी तरह की समस्या या परेशानी तो नहीं हो रही है। इसके बाद मंडलायुक्त महोदया ने मथुरा कलेक्ट्रेट परिसर में बने वेब कास्टिंग एंड कम्युनिकेशन कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहाँ से जिले के 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे से रखी जा रही नज़र/ निगरानी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

युवा एवं महिला वर्गों के लिए जनपद मथुरा में प्रेमदेवी अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में 'युवा बूथ' और बीएसए कॉलेज में 'सखी बूथ' के रूप में बने मतदेय स्थल तथा मांट विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र बने प्राथमिक विद्यालय पानीगांव का भी निरीक्षण किया और यहां पर चल रही मतदान संबंधी व्यवस्थाओं को देखा।




# प्रवासी भारतीय मतदाता के रूप में पहचान के लिए पासपोर्ट का करें उपयोग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायन गुप्ता

बाराबंकी, 26 अप्रैल। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की प्रवक्ता श्रीमती कंचन दुबे द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई प्रवासी भारतीय जानना चाहता है कि वह मतदाता के रूप में पहचान पत्र के लिए किस अभिलेख का उपयोग करें, तो इसका जवाब देते हुए बाराबंकी बी ने बताया कि मतदाता के रूप में पहचान के लिए वह अपने पासपोर्ट का उपयोग कर सकते हैं।

# सपरार नदी पर दबंगो द्वारा मानको को ताक पर रखकर के नियम विपरीत किया जा रहा है बालू का खनन

## लगातार शिकायतो के बाद भी स्थानीय प्रशासन व खनिज विभाग मौन

## ओवरलोड वाहनों की धमाचौकड़ी से ग्रामीण को बना रहता घटनाओं के भय से है परेशान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो

गिरवर सिंह कि रिपोर्ट

झांसी की मऊ रानीपुर तहसील के ग्राम नवादा अतपेई गांव में सपरार नदी पर बालू घाट स्वीकृत हुआ है। जो नियम विरुद्ध है। क्योंकि मौजा अतपेई के गाटा सं0- 28. 67. 73. 76 है। जो तालाब में दर्ज है। जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने मुख्य सचिव पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली (भारत सरकार) व मुख्य सचिव खनिज विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ, मण्डल आयुक्त झाँसी, जिलाधिकारी झाँसी, जेष्ठ खान अधिकारी झाँसी से की थी। ग्राम पंचायत नवादा में एक कम्पनी के नाम से सपरार नदी में बालू घाट स्वीकृत हुआ। जिसमें जल भराव होने के कारण पट्टा स्वीकृत नही किया जा सकता। जो कि नियम विरूद्ध है। ग्राम वासियों ने कई तिथियों में उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दिये। जिस पर नियम



अनुसार कार्यवाही नही की गई। जिसमें नियमानुसार पट्टेदार 3 मीटर की गहराई अथवा जल स्तर में से जो कम हो से अधिक गहराई में खनन संक्रियायें नही करेगें। लेकिन पट्टेदार के द्वारा उसके विपरीत कम से कम 4 मीटर गहरे गड्डे जिसमें 3 मीटर जल भराव है। जिससे ग्रामों के मवेसी एवं बच्चों के डूव जाने का खतरा बड़ गया है। अथवा मृत्यु भी हो सकती है। नवादा अतपेई बालू घाट में एल0एन0टी मशीनों द्वारा अवैध खनन कर बड़े ट्राला, हाईवा ट्रक कुआगांव स्यावनी में दो अलग अलग स्थानों पर भण्डारण बालू का किया जा रहा है। जिसे रोकना अतिशीघ्र जरूरी है। क्योंकि नदी में गहरे-गहरे गड्डों की बजह से निवानी पानी निकल आया है। यदि यथा शीघ्र रोका नही गया। तो सपरार नदी को तालाब के रूप में स्थापित कर देगी। अगर खनन को शीघ्र नही रोका गया। तो प्रधानमंत्री सड़क योजना के द्वारा डली हुई सड़क उखड़कर खस्ताहाल हो जाएगी। जिससे कई ग्रामों में जाने के लिए रास्ता अवरुद्ध हो जाएगा। खनन माफियाओं द्वारा जोरों पर खनन कर सरकार को करोड़ों का राजस्व का चूना लगा रहे है।जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। वहीं जहाँ पर बालू डंप की जा रही है वहाँ पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। और न ही यह दर्शाया गया है कि कितनी मात्रा में बालू का भंडारण शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। इससे यह जाहिर होता है कि ठेकेदार मनमानी कर भारी मात्रा में बालू का भंडारण करेगा। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं को स्थानीय प्रशासन का पूरा सहयोग प्राप्त है। भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह भदौरिया सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बालू खनन का पट्टा निरस्त कर अवैध रूप से हो रहे खनन व ओवर लोडिंग वाहनों द्वारा डंप की जा रही बालू की जाँच कर नियमानुसार कार्यवाही की माँग की है।

### *इनका कहना है*

इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। अगर शासन और एनजीटी के नियमों के विपरीत अवैध रूप से खनन किया जा रहा है तो जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# सम्राट चौक पर राहगीरों को शीतल जल पिलाकर किया प्याऊ का शुभारंभ




**सीधी।**

गर्मी के प्रकोप को देखते हुए विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी वरिष्ट समाजसेवी विनोद मिश्रा पार्षद वार्ड क्रमांक 2 के द्वारा स्थानीय सम्राट चौक के समीप यात्री प्रतिक्षालय में प्याऊ की सुविधा आमजनो हेतु मुहैया कराई गयी है। इस मौके पर जिला कॉग्रेंस कमेटी सीधी एवं सिंगरौली के जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताजन मौजूद रहें। निःशुल्क प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर सभी ने चिल चिलाती गर्मी से परेशान प्यासे राहगीरों को गुड़ मीठा खिला कर शीतल जल पिलाया और आशीष बटोरा। प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए विनोद मिश्रा ने बताया कि जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। पानी को व्यर्थ न बहायें। भीषण गर्मी में यही जल लोगों की प्यास बुझाता है। जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। पानी को व्यर्थ न बहायें। भीषण गर्मी में यही जल लोगों की प्यास बुझाता है। समाज सेवियों को गर्मी के मौसम में जगह.जगह निशुल्क प्याऊ लगाना चाहिए, जिससे आमजन प्यास लगने पर आसानी से निशुल्क पानी पी सके। उन्होंने बताया कि यह निशुल्क प्याऊ पूरी गर्मी तक लगा रहेगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह ने फीता काट कर प्याऊ का शुभारंभ किया साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी विनोद मिश्रा के उत्कृष्ट कार्यो की कोटि कोटि प्रशंसा की साथ कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुन्न का कार्य है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आकाश सिंह, विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, प्रदीप सिंह, ओंकार सिंह, रजनी श्रीवास्तव सहित अन्यजन उपस्थित रहें।



# सीएमराइज विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सीधी।**

शासकीय सीएमराइज विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा, कक्षा 5, 8, 10,12 के विभिन्न संकाय के सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाली विद्यालय की छात्रा निधि साकेत को एवं सभी छात्राओं को सम्मान स्वरूप डायरी पेन एवं पुष्पगुच्छ प्राचार्य के द्वारा भेंटकर मिठाई खिलाई गई। सभी छात्राओं के कक्षाध्यापको द्वारा विशिष्ट उपहार प्रदान किया गया।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को

### सीधी जिले में 09 परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा

सीधी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने जानकारी देकर बताया है कि आयुक्त जनजातीय कार्य सहसचिव म.प्र. स्पेशल एण्ड रेसिडेंन्सियल सोसायटी भोपाल का दिनांक 08.04.2024 द्वारा विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा दिनांक 28.04.2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। फ्लतः सीधी जिले मे 09 परीक्षा केंद्र क्रमशः शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सीधी, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. कुसमी, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. मझौली, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. सिहावल, शा. आदर्श उ.मा.वि. चुरहट, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टंसार, शा. कन्या उ.मा.वि. कुसमी, शा. उ.मा.वि. पोडी एवं शा. उ.मा.वि. भुइमाड बनाया गया है। जिले से कुल 816 छात्र/छात्राओ ने प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन किया है, जिनका सम्पूर्ण विवरण केन्द्राध्यक्षो को दे दिया गया है। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र किसी भी कियोस्क सेंटर/कम्प्यूटर से एमपीटासपोर्टल के माध्यम से निकाल सकते है, यदि किसी परीक्षार्थी को आवेदन क्रमांक मालूम न हो या प्रवेश पत्र निकाल ने मे असुविधा हो रही हो तो कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी से सम्पर्क कर अपना अनुक्रंमाक/आवेदन क्रमांक पता कर सकते है।उन्होंने समस्त छात्र/छात्राएं जो इस परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिये आवेदन किये है उन्हें सूचित किया है कि दिनांक 28.04.2024 को प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा मे आवंटित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं 02 बाल प्वाइंट पेन लेकर नियत समय एवं स्थान पर उपस्थित होवे।

## एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

सीधी। एक बार फिर एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपना परचम जिले में लहराया है। विद्यालय के संचालक आरपी तिवारी ने बताया कि पिछली बार भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है जिसके कारण छात्र मन लगाकर पढ़ाई करते है। एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल हाई स्कूल सीधी दक्षिण करौंदिया सीधी का कक्षा 5 वी, कक्षा 8 वी एवं 10 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए है। कक्षा 5 में मान्या तिवारी ने 86 प्रतिशत, भावना सिंह 5 वी में 86 प्रतिशत, कक्षा 8 वी बोर्ड परीक्षा में माही सिंह ने 94 प्रतिशत तथा अनुष्का शुक्ला ने 93.16 प्रतिशत अंक तथा कक्षा 10 में याशी सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरांवित किया है। विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिंह, विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों एवं उनके माता पिता को शुभकामनाएं दी गई है।

# मानव अधिकारों के प्रति सचेत होकर कार्य करें-चीफमॉनीटर श्री गोयल

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मानीटर की बैठक सम्पन्न

**सीधी**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के चीफ मॉनीटर बालकृष्ण गोयल की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर मानवाधिकार, बाल संरक्षण, पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, वृद्ध जनों के अधिकार, जेल में निरूद्ध कैदियों के अधिकारों आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

चीफ मॉनीटर श्री गोयल ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन तथा कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानव अधिकारों के उल्लंघन को किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं करता है। हम सभी को अपने कार्य क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षक के रूप में सचेत होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। कई बार लोग जानकारी के अभाव में शोषण और उत्पीड़न का शिकार होते हैं। जन जागरूकता से शोषण एवं उत्पीड़न से उनका बचाव किया जा सकता है। उन्होने बताया कि पीड़ित व्यक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आयोग शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्परता से कार्यवाही करती है।

श्री गोयल ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर एक टीम के रूप में सकारात्मक वातावरण में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, लैंगिक उत्पीड़न, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, मानव व्यापार, भिक्षावृत्ति आदि के विषय में जन चेतना लाने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में गुडटच, बैडटच के विषय में बच्चों को समझाइस देने की बात कही हैं। उन्होने शासकीय संस्थाओं, विद्यालयों, छात्रावासों, चिकित्सालयों, बाल सुधार गृह, जेल, वृद्धाआश्रम आदि के संचालन मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील रहकर करने के लिए निर्देशित किया। चीफमॉनीटर ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए जिले की टीम को शुभकामनाएं भी दी तथा सभी विभागों को नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार खेलो एमपी यूथ गेम्स में जिले के प्रदर्शन की सराहना भी की।

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि मानव अधिकार हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण है। यह हमें गरिमामय जीवन सीने का अधिकार देता है। मानव अधिकारों के संरक्षण के रूप में शासकीय सेवकों तथा संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पीड़ित के अधिकारों की रक्षा के लिए दोषियों को भी विहित प्रावधानों का पालन करते हुए सजा दी जाती है। उनके मानवाधिकार को भी ध्यान में रखा जाता है। कलेक्टर ने पूरी टीम की ओर से आश्वस्त किया है कि सभी अधिकारी मानव अधिकारों के प्रति सजग रहकर अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम प्रिया पाठक, एसडीओपी गायत्री तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आईजे गुप्ता, सहायक आयुक्त डॉ. डी.के. द्विवेदी, सहायक संचालक अवधेश सिंह, एपीसी रमसा डॉ. सुजीत मिश्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही के कारण 21 शासकीय सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**सीधी**

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी की विधानसभा क्षेत्र सीधी की सहायक रिटर्निंग आफिसर प्रिया पाठक ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण 21 शासकीय सेवकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उक्त कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल के सदस्य के रूप में लगाई गई थी जिसमें वह अनुपस्थित रहे जिसके कारण निर्वाचन का कार्य प्रभावित हुआ है। नियत समय-सीमा में समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। उन्होंने बताया कि महेन्द्र प्रसाद तिवारी स्थाईकर्मी कुशल कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. उपखण्ड रामपुर नैकिन, नरेन्द्र त्रिपाठी भृत्य कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन, रामविलाश कोल प्रा.शि. प्राथमिक शाला बाकी हड़हा, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा माध्यमिक शिक्षक शा. बालक उ.मा.वि. चुरहट, नेहा सिंह बघेल सहायक ग्रेड-3 ग्रा.यां. से. संभाग सीधी, शेखजिलानी व्याख्याता शा. बालक उ.मा.वि. हिनौती, निशा सिंह प्राथ.शि.शा.पू.मा.वि. पड़खुरी नं. 2, संतोष कुमारी सिंह प्राथ.शि. शा.पू.मा.वि. सुकवारी मझारी सीधी, अर्चना सिंह सहायक अध्यापक शासकीय आदर्श कन्या हाई स्कूल सीधी, शिवभगत तिवारी दै.वे.भो. शिक्षित श्रमिक सिहावल नहर उपसंभाग क्रमांक 1 रामपुर नैकिन, रीतू सिंह सहायक अध्यापक शा.प्रा. स्कूल कोतरखुर्द सीधी, प्रमोद कुमार पाण्डेय मा.शि. मा. शाला चंदवाही, विष्णुपाल सिंह सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी कृ.ग.उप. के. कोष्टा, रामस्वरूप सिंह प्रा.शि. माध्यमिक शाला कंचनपुर, रीता सिंह प्राथ.शि. शा. प्राथ. पाठशाला सुकवारी मझारी, विद्यावती पाण्डेय प्राथ.शिक्षक शास.प्राथ. शाला जमोड़ी माझी सीधी, जगदीश प्रसाद पाण्डेय सहायक शिक्षक प्राथ. स्कूल बूसी, शेरबहादुर सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल, विभा तिवारी प्राथमिक शिक्षक शा.उ.मा.वि. सीधी खुर्द, रावेन्द्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक पी.एस. टीकर की चुनाव ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र -77 सीधी में लगाई गई थी जो दिनांक 18.04.2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के पुराना भवन से मतदान दलों को रवाना किया गया था किन्तु संबंधित व्यक्ति अपने कर्तव्य स्थल में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त कृत्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के महत्वपूर्ण कार्य एवं मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में है तथा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियमों के तहत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में होकर दंडनीय है।

# उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

**सीधी**

जिला स्तरीय उत्कृष्ट मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित होने जा रही है। इस आशय की सूचना देते हुए उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस एन त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे छात्र जो ऑनलाइन माध्यम से इस परीक्षा हेतु आवेदन किए है वे अपने प्रवेश पत्र कियोस्क सेंटर जाकर डाउनलोड कर सकते है। विदित रहे की उक्त प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करने की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई थी। इस परीक्षा के लिए शहर में तीन परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 तथा सीधी खुर्द निर्धारित किया गया है। परीक्षा का समय 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। सभी छात्र परीक्षा के आधे घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति अपने परीक्षा केंद्र पर देगे।











# जीवन के 94 बसंत देख चुके मानकचंद ने अपने घर से डाला वोट

### 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांगों के घर वोट डलवाने पुहुँचे मतदान दल

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किए मतदान दल



ग्वालियर जीवन के 94 बसंत देख चुके श्री मानकचंद ने यूँ तो कई बार अपने मताधिकार का उपयोग किया। पर ज्यादातर मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डाले। इस बार उन्हें थोड़ी चिंता थी कि अगर किसी का सहारा नहीं मिला तो कैसे वोट डालेंगे। उनके इस असमंजस को भारत निर्वाचन आयोग ने दूर कर दिया। शुक्रवार 26 अप्रैल को घासमंडी ग्वालियर स्थित उनके घर पर मतदान दल पहुँचा और विधिवत बूथ बना दिया। फिर क्या मानकचंद ने खुशी-खुशी वोट डालकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से मतदान सामग्री प्रदान कर मतदान दलों को विशेष वाहनों द्वारा घर-घर वोट डलवाने के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने हरी झण्डी दिखाकर मतदान दल रवाना किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्रीमती अंजू अरूण कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन, एआरओ श्री अतुल सिंह एवं डाक मत पत्र प्रभारी व एसडीएम मुरार श्री अशोक चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

ज्ञात हो बुजुर्गों व दिव्यांगों से घर-घर जाकर वोट डलवाने के लिये जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 120 रूट निर्धारित किए गए हैं। इसकी जानकारी सभी प्रत्याशियों को दी गई है। घर-घर वोट डलवाने के लिए 26 अप्रैल से शुरू हुआ प्रथम चरण 27 अप्रैल को भी जारी रहेगा। यदि कोई बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर पर नहीं मिलता है तो द्वितीय चरण में 28 अप्रैल को मतदान दल उनके घर पर वोट डलवाने पहुँचेंगे।

### जीवन की आखिरी दहलीज पर खड़े बुजुर्गों ने उत्साह व उमंग के साथ डाले वोट

इसी तरह जिंदगी की आखिरी दहलीज पर खड़े अन्य बुजुर्गों ने अपने-अपने घर पर उत्साहपूर्वक मतदान किया। जिले के विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत श्रीराम कॉलोनी हरीशंकरपुरम निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती विद्यादेवी अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर के किलागेट क्षेत्र के निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग श्री मुन्नालाल शर्मा, डबरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिछोर निवासी लगभग 90 वर्षीय श्री जानकी प्रसाद ने भी शुक्रवार को अपने घर से पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया। अलग-अलग मतदान दलों ने इन सभी के घरों पर पहुँचकर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत बूथ बनाकर मतदान कराया।

जीवन के 88 बसंत देख चुकीं भितरवार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पवाया निवासी श्रीमती कमला देवी व चीनौर निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती सावित्री देवी ने भी अपने ङ्क अपने घर से वोट डाले।

दोनों पैरों से दिव्यांग 53 वर्षीय श्री रमेश ने भी अपने घर से मतदान किया। होरी का पुरा किलागेट ग्वालियर निवासी रमेश वोट डालकर गदगद थे। वे बोले कि निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाताओं को हर संभव सुविधायें मुहैया करा रहा है। अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें।

जब बुजुर्गों को पता चला कि वोट डलवाने सरकारी मुलाजिम उनके घर आए हैं तो उनकी ऊर्जा व उमंग देखते ही बनी। बुजुर्ग मुन्नालाल का कहना था कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। विद्यादेवी बोलीं कि मेरी इच्छा मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डालने की थी, पर शारीरिक व्याधियों की वजह से मैं विवश थी। घर पर वोट डलवाकर मेरी लाचारी को भारत निर्वाचन आयोग ने दूर कर दिया। वोट डालने के बाद सभी बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति धन्यवाद जताया।

ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के उन बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले उन सभी मतदाताओं को घर बैठे ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिन्होंने घर पर ही वोट डालने की सहमति दी है।

### जिले में 2310 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने दी है घर से ही मतदान करने की सहमति

संयुक्त कलेक्टर एवं डाक मत पत्र प्रभारी श्री अशोक चौहान ने बताया कि ग्वालियर जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले कुल 2310 मतदाताओं ने फॉर्म-12डी भरकर घर पर ही वोट डालने के लिये सहमति दी है। इनमें 1675 बुजुर्ग मतदाता एवं 635 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

कुल 2310 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं में विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के 505, ग्वालियर के 445, ग्वालियर पूर्व के 447, ग्वालियर दक्षिण के 406, भितरवार के 267 एवं विधानसभा क्षेत्र डबरा के 240 मतदाता शामिल हैं।।

# मुख्य विकास अधिकारी मथुरा के आश्वासन पर आक्रोशित किसान हुए शांत किया मतदान




### 7 कार्य दिवस के अंदर किसानों के साथ बैठक का दिया आश्वासन

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र नगला अकोस में लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांव का संपर्क मार्ग बाढ़ के समय से टूटा पड़ा है वहीं साथ में रेणुका घाट पर सेतु निर्माण का कार्य भी बाधित पड़ा हुआ है जिसके चलते किसानों की कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई जिसके चलते तंग आ किसानों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया। आज 26 अप्रैल 2024 को सुबह से मतदान प्रारंभ हुआ लेकिन मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता नहीं पहुंचा इसे लेकर के आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया और नगला अकोस की तरफ अधिकारियों ने कूच करना प्रारंभ कर दिया। नगला अकोस में मौके पर खंड विकास अधिकारी बलदेव नेहा रावत व कोतवाल बलदेव संजय त्यागी मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे ।काफी अनुरोध करने के उपरांत भी आक्रोशित किसान मतदान करने के लिए नहीं तैयार हुए। आक्रोशित किसान बार-बार चुनाव बहिष्कार की घोषणा करते रहे। काफी अनुनय विनय करने के उपरांत भी किसानों का आक्रोश शांत नहीं हुआ। तब मौके पर भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार व प्रवक्ता आगरा मंडल ललित शर्मा पहुंचे ।जहां किसान को समझा बुझा करके मुख्य विकास अधिकारी मथुरा से किसानों की समस्याओं पर फोन पर चर्चा की ।चर्चा करने को उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की प्रमुख मांगों को 7 कार्य दिवस के अंदर बैठक कर सुनने का आश्वसन दिया और अविलंब ही निस्तारण करने का भी आश्वासन दिया तत्पश्चात आक्रोशित किसानों का आक्रोश शांत हुआ और मतदान करने के लिए तैयार हुए जब जाकर के 1:30 के करीब नगला अकोस में मतदान प्रारंभ हुआ। किसानों का मुख्य विकास अधिकारी मथुरा के आश्वासन पर पूर्ण विश्वास ही नहीं अपित पूर्ण उम्मीद है कि वह किसानो की प्रमुख मांग का अवलंब निस्तारण करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर रामेस्वर शास्त्री,सत्येंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह हाकिम सिंह मानसिंह पप्पू हरिओम, ज्ञानेंद्र सिंह , भूदेव सिंह देवेंद्र सिंह रामवीर सिंह राम प्रकाश धनीराम राजवीर सिंह कृष्णा ओम प्रकाश रामेश्वर शास्त्री दीपू कृपाल सिंह धर्मेंद्र सिंह सतीश रोहताश सिंह अजय पाल सिंह इंदल सिंह सत्येंद्र सिंह कन्हैया लाल रविंद्र सिंह मानवेंद्र सिंह कप्तान सिंह राजू सिंह सहित क्षेत्रीय किसान सरदारी मौजूद रही।



### बंटी नगर आचार्य कॉलोनी में पानी की किल्लत से परेशान यह के रहवासी कई वर्षो से रह रहे यह के रहवासी पाइपलाइन बिछाने के बाद भी नहीं कराया गया पेयजल उपलब्ध

जिला ब्यूरो नीरज दुबे

विदिशा नगर पालिका के अंतर्गत बंटी नगर में आचार्य कॉलोनी में पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन अभी भी वहां पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है यहां रहने बालों को नगर पालिका के टैंकर से पानी सप्लाई किया जाता है जिससे उनकी पूर्ति नही होती रोजाना टैंकर ना आने की शिकायत भी यहां के लोगो द्वारा बार बार की गई है मगर कोई सुनवाई नहीं हुई कई वर्षो से रह रहे यह के लोग गर्मी के मौसम में परेसानियो का सामना करना पड़ता है यह खड़े टैंकर बस 5 मिनिट में खाली हो जाते है वहां के रहे वीडियो द्वारा बताया गया कि कई दिनों में यहां टैंकर आता है जिससे पूर्ति नहीं हो पाती कई बार पार्षद को शिकायत करने के बाद भी हमारी शिकायत का निराकरण नहीं निकल रहा इसलिए हमने सीएम हेल्पलाइन में भी सिकायत की है

### यातायात व्यवस्था में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को धूप से बचने के लिए दिया गया गमछा एवं पानी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- पुलिस अधीक्षक सिंगरौली निवेदिता गुप्ता निवेदिता के द्वारा आज दिनांक 26.04.2024 को इंदिरा चौक से लेकर माजन मोड तक मुख्य मार्ग में यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारी एवं अधिकारी तथा यातायात की चेकिंग में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बढ़ती धूप एवं गर्मी से बचाव हेतु पानी की बोतल एव गमछा का वितरण कर्मचारियों को किया गया, एवं कर्मचारियों को बढ़ती धूप एवं गर्मी से बचाव संबंधी उपाय बताए गए, यातायात व्यवस्था में चौराहे पर लगी कर्मचारियों को बैरेट कैप के स्थान पर स्पोर्ट्स कैप धारण करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे चेहरे को धूप से बचाया जा सके।



### राजीव गाँधी चिकित्सालय में मलेरिया दिवस मनाया गया

संवाददाता ,,आसिम दाद खान

मलेरिया दिवस के मोके पर राजीव गाँधी चिकित्सालय में विशव मलेरिया दिवस मनाया गया इस अवसर पर मलेरिया निरक्षक मोहसिन खान ने मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया जैसे बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है इन बीमारियों




से बचाव के उपाय बताते हुए की जानकारियां दी इस दौरान चंद्रेश जाट जेडी शाक्य आनंदी साहू ऋतिक पंथी फारूक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे

# टीकमगढ़ में अब तक हुई 57.19 प्रतिशत वोटिंग-किशनपुरा गांव में मतदान का बहिष्कार किया, तहसीलदार के कहने पर माने

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।टीकमगढ़ लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चला। इसके बाद लाइन में लगे वोटरों को वोट डालने के लिए पर्ची दी गई। वहीं लोगों में मतदान को लेकर खास उत्साह देखा गया।

कई जगह लंबी-लंबी लाइन में लगकर मतदाताओं ने मतदान किया। लोकसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक कुल 57.19त्न मतदान हुआ। जहां पृथ्वीपुर में अब तक सबसे ज्यादा 60.60त्न और सबसे कम बिजावर में 54.43त्न मतदान हुआ। इस बार लोकसभा क्षेत्र से 7 प्रत्याशी मैदान में है। मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज अहिरवार के बीच है।

मतदान शुरू होने से पहले भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने पत्नी कमल खटीक के साथ सुबह शिव धाम कुंडेश्वर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने मतदान केंद्र 74 पर अपनी पत्नी के साथ वोट डाला। इसके साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार ने मतदान क्रमांक 52 पर वोट डाला। वहीं टीकमगढ़ के किशनपुरा गांव में लोगों ने पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। सूचना मिलते ही तहसीलदार डॉ. अवंतिका तिवारी ने वहां पहुंचकर लोगों को समझाया। जिसके बाद मतदान चालू हो गया।

| समय | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| शाम 5 बजे तक | 57.19% |
| दोपहर 3 बजे तक | 49.84% |
| दोपहर 1 बजे तक | 40.21% |
| सुबह 11 बजे तक | 26.96% |
| सुबह 9 बजे तक | 13.36% |




### आगामी माह 11 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

#### न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्रि-लिटिगेशन प्रकरण होंगे निराकृत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आर.एन. चंद के मार्गदर्शन में 11 मई 2024 को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसमें जिला न्यायालय व परिवार न्यायालय सिंगरौली,तहसील न्यायालय देवसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण,धारा 138 एन.आई.एक्ट (चैक बाउंस) मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा,श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर,पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण बैंक ऋ्रण की वसूली के प्रकरण,सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में धारा 138 एन.आई.एक्ट.बैंक ऋ्रण की वसूली के प्रकरण,श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर तथा सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।अतः जनमानस से अपील है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होकर अपने विवादों का निराकरण आपसी सहमति व समझौते के आधार पर कराकर न्यायालीन प्रकरणों से छुटकारा पायें।

# प्रतिभागियों ने मतदान को प्रेरित करने का संदेश देने वाले सुंदर चित्र पोस्टर पर उकेरे,चित्रकला के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

जिला ब्यूरो धार मो. 9424075866

धार - लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप अंतर्गत जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मतदाता जागरूकता पर आधारित इस पोस्टर प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में जिले के युवक-युवतियों ने सहभागिता की और निष्पक्ष, निर्भीक मतदान को प्रेरित करने का संदेश देने वाले सुंदर चित्र पोस्टर पर उकेरे। कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी पोस्टर्स को प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया गया। सीईओ जिला पंचायत सविता झानिया, सीजेएम संदीप सिंह, सहायक कलेक्टर विशाल धाकड़, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बीके शुक्ला सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने के संदेश दिए गए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संजय लाहोरी को प्रथम, प्रथम मारू को द्वितीय तथा आरती शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में शील्ड, प्रमाण पत्र एवं नगद धनराशि अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक ललित कला महाविद्यालय के प्रेम सिकरवार, अनूप श्रीवास्तव एवं प्रवीण शर्मा रहे।




# भाजपा जिला उपाध्यक्ष की बिटिया ग्रेसी खत्री ने किया पहली बार मतदान

दमोह।

लोकतंत्र में प्राप्त मताधिकार का पहली बार प्रयोग करते हुए शहर के बूथ क्रमांक 137 नंबर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री की बिटिया ग्रेसी खत्री ने लोकतंत्र के महायज्ञ में पहली बार अपने वोट की आहुति दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री ने बताया कि मैंने अपनी बिटिया ग्रेसी खत्री से नहीं कहा कि अपने मत का उपयोग कहां करना है परंतु मत के उपयोग करने के बाद मैंने उससे पूछा कि तुमने किसको वोट दिया है तो उसका जवाब था कि मेरा वोट उनको जिन्होंने देश का मान और सम्मान पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया है मेरा वोट उनको जो 2047 तक विकसित, समृद्ध, और शक्तिशाली भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं!




# मौसम हुआ सुहाना, मतदाताओं में जागा वोट करने का उत्साह

### जिले में शांति, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से जारी है मतदान

### चंदला, राजनगर एवं महाराजपुर विधानसभा में वोट डालने के लिए लगी कतार

### महिला एवं पुरुष मतदाताओं आगे आकर कर मतदान



सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर /7509091263

मौसम सुहाना होते ही जिले में मतदाताओं में वोट करने का अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के मतदान केन्द्रों में वोटर्स के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में 26 अप्रैल को छतरपुर जिले संसदीय क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चंदला के मतदान केंद्र हथोहा, खराबा और महाराजपुर विधानसभा के ग्राम कैथोकर के मतदान केंद्र 1 और 2, ग्राम सिगरावनकला एवं राजनगर के ग्राम दौनी, भीतरिया मतदान केंद्र में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने वोट किया। जिले में शांति एवं निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान सम्पन्न कराया जा रहा है। चाहे युवा, बुजुर्ग महिला, पुरुष या दिव्यांग मतदाता सभी लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का उत्साह है।

# 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर मतदान बढ़ाने हेतु किया पाठशाला का आयोजन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 26 अप्रैल ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने जनपद के गत निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/ मंशानुरूप मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के क्रम में चिन्हित बूथ संख्या 278 ग्राम खलरा विकासखंड अछल्दा तहसील बिधूना के उच्च प्राथमिक विद्यालय खलरा कंपोजिट में आयोजित चुनावी पाठशाला/ मतदाता जागरूकता चौपाल में कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है और इसको अवश्य करना चाहिए। जिससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित होती है इसके लिए सभी का अधिकार बराबर है इसमें कोई छोटा- बड़ा, ऊंचा- नीचा नहीं होता है मतदान का अधिकार वह अधिकार है जिसमें सभी बराबर होते हैं इसलिए बिना किसी लोभ- लालच या किसी के बहकावे अथवा किसी के दबाव में आकर मतदान न करें मतदान अपनी स्वेच्छा से अपने मनपसंद प्रत्याशी को ही करते हुए अपने मताधिकार की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने उपस्थित विशाल जन समूह को मतदाता शपथ भी दिलाई और यह भी पूछा कि मतदान दिवस पर आप अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे या नहीं जिस पर एक आवाज में यह आस्वस्त किया कि आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले मतदान दिवस पर हम सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री देहाती इंटर कॉलेज नेविलगंज तथा श्री दयाराम मौर्य इंटर कॉलेज वंशी गुनौली की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक करते हुए आम जन को मत के महत्व तथा उसके अधिकार को प्रदर्शित किया और स्लोगन लिखित पट्टिकाये यथा सुनो सभी को चुनो सही को, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, व वोट हमारा हैं अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल आदि स्लोगन लिखी पट्टिकाओं को भी प्रदर्शित किया इस अवसर पर मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली भी बनायी गयी।

उक्त अवसर पर उप जिला अधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र, उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार, जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी यादव, बेसिक शिक्षाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, सहायक नोडल अधिकारी( स्वीप ) कमलेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं, आमजन आदि उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन ने लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लिया जायजा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झाँसी। आज जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया का आज जायजा लिया। उन्होंने 26 से शुरू होने वाले नामांकन प्रक्रिया के दौरान बेरिकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम देखे

साथ ही अफसरों को दिशा निर्देश दिए। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने झाँसी ललितपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत झांसी कलेक्ट्रेट में 26 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले नामांकन के अंतर्गत बेरीकेटिंग का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि बेरीकेटिंग मजबूत हो ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन हेतु कलेक्ट्रेट में आने का रूट प्लान पर भी चर्चा की और निर्देश दिए कि किसी भी दशा में आवागमन बाधित ना हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि



नामांकन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरसः अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही नामांकन दाखिल करने हेतु जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। प्रत्याशियों को आयोग द्वारा अनुमन्य वाहनों एवं प्रस्तावक के संबंध में पूर्व से ही अवगत करा दिया। वाहनों एवं प्रस्तावक के संबंध में पूर्व से ही अवगत करा दिया ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके। नामांकन प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे 24×7 क्रियाशील रहेंगे, ताकि छोटी सी छोटी घटना को भी देखा जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं कलेक्ट्रेट के सभी सीसीटीवी कैमरे की पोजीशन को मॉनिटर में देखा और संतोष व्यक्त किया।नामांकन के दौरान उन्होंने कहा कि आम जनमानस को आने जाने में समस्या ना हो अतः रूट प्लान का सख्ती से पालन किया जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर परमानन्द सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रेल यात्री सुरक्षा जागरुकता अभियान एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट**

झाँसी। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर सीमा तिवारी स्टेशन डायरेक्टर के मुख्य आतिथ्य, ए के सिंह स्टेशन प्रबन्धक, एवं रविन्द्र कुमार कौशिक प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ के विशिष्ट आतिथ्य में यात्री जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर आरपीएफ मित्र योजना समिति के पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, लतेश शर्मा, राम आसरे गुप्ता, अनिल मौर्य, जुगल किशोर कुशवाहा, राशिद खान, संदीप साहू, अजय अनुरागी आदि द्वारा प्लेटफार्म पर यात्रियों को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया। तथा अवगत कराया कि यात्रा के दौरान आभूषण पहनकर, मोबाइल हाथ में लेकर खिड़कियों / दरवाजों के पास न बैठे और न ही मोबाइल सम्बन्धी जानकारी साझा करें। रात्रि में सोते समय खिड़?की दरवाजे बन्द रखें। यात्रा के दौरान धूम्रपान एवं मद्यपान न करें। लगेज आदि को सीट के नीचे कड़े से चैन द्वारा बांध कर रखें। संदिग्ध दिख?ने वाली लावारिस वस्तुओं को न छुयें तथा इसकी सूचना आर.पी.एफ./ जी.आर.पी.एफ. को दें। किसी अन्जान व्यक्ति की दी हुई किसी भी वस्तु को ग्रहण न करें उसमें जहर हो सकता है। केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाने-पीने की चीजें खरीदें। स्टेशन परिसर सफाई पर ध्यान दें। ट्रेन के शौचालयों को स्वच्छ रखें उसमें पानी बोतल या कोई वस्तु न डालें अन्यथा वह चौक हो जायेगा। किसी भी समस्या एवं मदद हेतु मुख्य हेल्पलाइन नं. 139 महिला हेल्पलाइन नं. 1098, रेल सुरक्षा बल झाँसी स्टेशन नं.9794838706 पर सम्पर्क करें। कार्यक्रम के पूर्व आयोजित गोष्ठी के दौरान लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर अध्यक्ष लायन आनन्द कुमार सक्सेना एवं सियाराम शरण चतुर्वेदी ने अतिथिगणों सुश्री सीमा तिवारी, ए के सिंह एवं रविन्द्र कुमार कौशिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सियाराम शरण चतुर्वेदी ने किया।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर जनपद औरैया के लिए आने वाले कट पर जनपद का साइन बोर्ड स्थापित कराये - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट**

औरैया 26 अप्रैल । जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किये गये कार्यों के संबंध में समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों के संबंध में आमजन को जागरूक करने हेतु सतत् कार्य करते रहे।

उन्होंने कहा कि जहां भी ब्लैक स्पॉट शेष रह गये उनको भी चिन्हित कर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर जनपद औरैया के लिए आने वाले कट पर जनपद का साइन बोर्ड स्थापित कराये जिससे वाहन चालक आसानी से उस कट पर उतरकर जनपद में प्रवेश कर सके। उन्होंने सभी संबंधितों से अपेक्षा की कि आपसी समन्वय के साथ दुर्घटना में पीड़ित होने वाले का पूर्ण विवरण तैयार किया जाये जिससे उसे नियमानुसार बीमा/सहायता राशि समय से उपलब्ध कराई जा सके।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों



में रेहड़ी/फड़ वालों के लिए बैंडिंग जॉन में स्थान चिन्हित कर आवंटन करे और यदि आवंटन के पश्चात भी उनके द्वारा रेहड़ी और फड़ अन्यत्र लगाकर यातायात बाधित होने जैसी स्थिति उत्पन्न की जाती है तो संबंधित पर नियमानुसार जुर्माना आदि की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दिबियापुर को निर्देशित किया कि यातायात जाम की स्थिति का स्थाई समाधान हेतु कार्य योजना तैयार करें जिससे पुल के पास लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके।

उन्होंने विद्यालयों में संचालित वाहनों के वाहन चालकों की आंखों की जांच कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वह इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यातायात नियमों के संबंध में विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किए जाएं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को हेलमेट के लिए भी जागरूक किया जाये। उन्होंने सभी संबंधितों को कहा कि दुर्घटना के पश्चात पीड़ितों की सहायता करने वालों को चिन्हित कर उन्हें लाभान्वित कराये जिससे अन्य लोगों में भी सहयोग करने की भावना बढ़े और पीड़ितों को शीघ्र अतिशीघ्र उपचार के लिए पहुंचाने हेतु सहयोग करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह , मुख्य चिकित्साधिकारी डा सुनील कुमार वर्मा,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने पत्नी संग की मतदाताओं से मतदान की अपील

मथुरा (नीरज चतुर्वेदी ) लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह से शाम तक जारी रहा है। हालांकि मतदाताओं का उत्साह मतदान में तब्दील नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश की जिन आठ सीटों पर आज मतदान हुआ है। मथुरा वोटिंग के मामले में सबसे पीछे रहा। वहीं जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष ने पत्नी संग सबसे पहले मतदान कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है।

मथुरा जिले में 5.30 बजे जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी बूथों पर



पार्टी व प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम का मॉक पोल कराया। 40-40 वोट डाले गए। सब कुछ सही पाए जाने पर सात बजे मतदान शुरू कराया गया। शहर से लेकर देहात तक के मुस्लिम इलाकों में भी मतदान को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मुस्लिम महिलाएं, पुरुष सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर पहुंचना जारी है। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, विधायक श्रीकांत शर्मा, राज्यसभा सांसद तेजपाल सिंह, मांट विधायक राजेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और उनकी पत्नी संजू चौधरी ने अपना वोट भाजपा को डाल कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मीडिया के समक्ष लोगों से अपील की कि आप सभी सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बड़ी संख्या में मतदान करें। अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने कहा पहले चरण 100 प्रतिशत बेहतर रहा है क्योंकि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे है। मैंने व्यक्तिगत रूप से लोगों से आने की अपील की है।÷ बाहर निकलें और मतदान करें और लोग बड़ी संख्या में मतदान करने आ रहे हैं।

# टैंकर की चपेट में आने से छात्र की मौत





**ग्रामीण ने लगाया जाम एसडीएम के आश्वासन के बाद हुआ समाप्त।**

नगीना। टैंकर की चपेट में आकर छात्र की मौत ,ग्रामीणों ने लगाया जाम। क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी यशपाल सिंह का 10 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरैनी का कक्षा 6 का छात्र है शुक्रवार की दोपहर को 1 बजे करीब विवेक गांव में ही टयूशन पढंकर घर वापस घर लौट रहा था जब छात्र विवेक फोर लाइन स्थित प्रेमवती महाविद्यालय पुरैनी के निकट सड़क पर पहुंचा तो नगीना की ओर से आ रहे पेट्रोल के टैंकर ने विवेक को कुचल दिया जिससे छात्र विवेक की मौके पर ही मौत हो गई छात्र की मौत होने पर देखते ही देखते सैकड़ो ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और ग्रामीणों ने परिजनों के साथ विवेक के शव को फोर लाइन के बीचों बीच सड़क पर रखकर जाम लगा दिया जाम लगने से दोनों और वाहनों की लंबे-लंबी कतारे लगने के कारण यात्रियों को गर्मी के मौसम में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ा उत्तेजित ग्रामीण मृतक के परिजनों को मुआवजा दिये जाने व टैंकर चालक को गिरफ्तार का जेल भेजे जाने व स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग कर रहे थे जाम लगने की सूचना पर एसडीएम अवनीश त्यागी व थाना प्रभारी सुनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा सर्कल के सभी थानों की फोर्स को भी मौके पर बुला लिया गया एसडीएम ने ग्रामीणों को उनकी मांगों के संबंध में आश्वासन देकर व समझा बूझाकर डेढ़ घंटे के बाद जाम खुलवाया जाम खुलने पर वाहन स्वामियों व अन्य लोगों ने राहत की सांस ली पुलिस ने शवको पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टैंकर को कब्जे में ले लिया छात्र की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा है ।

# विशिष्ट आवासीय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को

ग्वालियर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय में 6वी कक्षा में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रात- 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिये ग्वालियर जिले में एक, शिवपुरी में 17, गुना में 3 एवं दतिया व अशोकनगर में एक ङ्क एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। संभागीय उप आयुक्त जनजातीय कार्य पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के जिन विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लेने के लिये आवेदन किए थे, वे अपने प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट पोर्टल ख्व्क्क्रस्ट क्क्षहह्ल्ड्डद्य या किसी कियोस्क व कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आने पर जिले के सहायक आयुक्त / जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग से संपर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए संभागीय उप आयुक्त / सहायक आयुक्त / जिला संयोजक / जनजातीय कार्य विभाग के कार्यालयों में संपर्क किया जा सकता है

# औजला ने दी जालियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि

**कहा –पहले अंग्रेजों से लड़े, आज बीजेपी से आजादी जरूरी***

***मजीठा में भी वर्कर्स के साथ बैठक***

*दैनिक केसरिया, कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब*

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला आज जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि देने पहुंचे और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजों से भारत को आजाद कराया गया था और आज बीजेपी से आजादी दिलाने का वक्त है। आज वोट के अधिकार को प्रयोग करके लोग देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं।

## मजीठा में की वर्कर्स के साथ बैठक

लोकसभा पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अमरेन्द्र सिंह राजा वडिंग के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पंजाब में कांग्रेस पार्टी ने किसी भी पार्टी से समझौता नहीं किया है, वह 13 की 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। इस बात को गुरजीत सिंह औजला ने परमजीत सिंह पम्मा द्वारा मजीठा शहर और जेठू नंगल गांव में आयोजित बैठक के दौरान कहे।

बैठक के दौरान बोलते हुए गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर गैरकानूनी पर्चे करवा रही है और




पंजाब के युवाओं का खून बहा रही है। जिन पर पंजाब के लोगों ने बड़े भरोसे के साथ मतदान किया आज वही पार्टी ने अपना रंग दिखाया है। किसान, मजदूर, कर्मचारी समेत लगभग हर वर्ग सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहा है। 2 साल में ही पंजाब की जनता का मान सरकार से मोहभंग हो गया है और उन्हें समझ आ गया है कि यह पंजाब को बर्बादी की तरफ धकेल रहे हैं। उन्होंने केंद्र की बीजेपी सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार धर्म की राजनीति कर रही है। नरेंद्र मोदी भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि इस बार वे राम मंदिर के मुद्दे पर वोट लेना चाहते हैं, लेकिन भारत की जनता को ऐसी राजनीति पसंद नहीं है, इसलिए वे इस बार मोदी के झांसे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब और भारत के बहादुर लोगों ने एक बार 1947 में भारत को आजाद कराया था, लेकिन अब फिर से मोदी की ओर से अडानी अबानी को दिए गए भारत को लोग आजाद करवाने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री जुगल किशोर शर्मा, अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह सागू, परमजीत सिंह पम्मा मजीठा, श्री जतिंदरपाल सिंह बेदी, श्री राम लाल भल्ला, श्री करमजीत सिंह केपी, श्री सुखविंदर सिंह, श्री राज कुमार, श्री अमरजीत भाटिया, श्रीमती सरोज नंदा, श्रीमती अमरजीत कौर, श्री सुरिंदर सिंह आहूजा, श्री सुरिंदर केवलानी, श्री सुरिंदर कुमार , सुखराज रंधावा, हरपनदीप सिंह पार्षद, निशान सिंह सरपंच, मनबीर सिंह खासा सरपंच, पी.ए. रितेश , जसकरन सिंह काहलों, जगदीप सिंह गोगा, मिल्खा सिंह राम दिवाली, सरपंच हरपिंदर सिंह, मेंबर हरविंदर सिंह, मेंबर बलविंदर सिंह, सरपंच कुलवंत सिंह मल्लियां, करमजीत सिंह जेठू नंगल, मलूक सिंह मियां पंधेर, कुलवंत सिंह त्रिपाई आदि कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक

इसके बाद गुरजीत सिंह औजला ने आज महिला कांग्रेस के ग्रामीण कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। इस अवसर पर सुश्री सविंदर निश्चल शम्मी, सुश्री सरजीवन लता शर्मा, अध्यक्ष सुश्री सरबजीत कौर, सुश्री वीना घई, सुश्री रमा कौर, सुश्री हरप्रीत कौर, सुश्री हरसिमरत कौर, सुश्री सुनीता, सुश्री विजता और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे

# केसीसी घोटाला : ब्रांच मैनेजर यूबीआई सरई के कारनामों का प्रकाश में आया सनसनीखेज मामला

## देवसर में पदस्थापना के दौरान केसीसी में जमकर किया गया था फर्जीवाड़ा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो

**सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**




सिंगरौली/- जिले के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सरई में पदस्थ ब्रांच मैनेजर अब्दुल आलम को लेकर सनसनीखेज मामला प्रकाश में आ रहा है,सूत्रों ने बताया है कि पूर्व में देवसर में पदस्थ रहने के दौरान ब्रांच मैनेजर ने केसीसी के तहत लोन स्वीकृत करने में खूब फर्जीवाड़ा किया है,यहां तक कि जियावन थाने में भी कुछ मामले पहुंचे थे,फिर कार्यवाही होते देख शाखा प्रबंधक ने संबंधित किसान से संपर्क कर मामला संभवतः रफा दफा करा दिया,हालाकी यह भी बताया जाता है कि उसी आरोप की वजह से ब्रांच मैनेजर का देवसर से स्थानांतरण भी कर दिया गया था,अब सरई की जिम्मेदारी मिलने के बाद से वहां भी केसीसी के कार्य में गड़बड़ी करने की संभावना जताई जा रही है क्योंकि केसीसी संबंधित सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी नहीं दी जा रही है ऐसे में यह अपने आप शाबित होता है कि निश्चित रूप गड़बड़ी हुई है,फिलहाल सूत्र बताते हैं कि यदि देवसर तथा सरई दोनो बैंकों में केसीसी के तहत स्वीकृत लोन की विधिवत पड़ताल की जाय तो बहुत बड़ा खुलासा सामने आ सकता है

### आरटीआई की अवहेलना से घोटाला होने का मिल रहा संकेत

वर्तमान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सरई में पदस्थ ब्रांच मैनेजर अब्दुल आलम के उपर देवसर में पदस्थ रहने के दौरान केसीसी संबंधित कार्य में गड़बड़ी करने आरोप लगाए गए थे,बताते हैं कि ब्रांच मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच भी हुई थी लेकिन शीघ्र ही फिर से सरई बैंक की जिम्मेदारी सौंप दी गई अब आरोप लग रहे हैं कि सरई में भी केसीसी के कार्य में गड़बड़ी की जा रही है,इस आरोप में भरोसा इसलिए किया जा सकता है क्योंकि ब्रांच मैनेजर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पिछले दो माह से जानकारी नहीं दी जा रही है

# मतदाताओं को मतदान प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मण्डलेश्वर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव

**खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

मण्डलेश्वर। मतदाताओं को मतदान प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मण्डलेश्वर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसीक्रम में दिनांक 26/04/2024 को रैली का आयोजन किया गया है मतदाता जागरूकता रैली एकीकृत शासकीय कन्या उ.मावि. मण्डलेश्वर से प्रांरभ होकर नगर में निकाली गई जिसमें श्रीकंवरतारा पब्लिक स्कुल मण्डलेश्वर, महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डलेश्वर, शासकीय कन्या उ.मा.वि. मण्डलेश्वर, के छात्र, छात्राओ व स्टाफ सम्मिलित रहा साथ ही ऑगनवाडी कार्यकर्ता बी.एल.ओ. एवं निकाय के कर्मचारी भी रैली में उपस्थित रहे। रैली में स्कुल के छात्र, छात्राओ द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु'' सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो'' मेरा वोट मेरा अधिकार आदि नारे लगाये गये । शिक्षक दीपक चौबे द्वारा रैली का संचालन किया गया, रैली समाप्ति पश्चात मतदाता शपथ दिलाई गई। शासकीय कन्या उ.मा.वि. मण्डलेश्वर, की छात्राओं द्वारा परिसर में मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली भी बनाई गई। रैली एवं शपथ कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवजी आर्य, प्राचार्य जे.के सोनी, प्राचार्य, डावर, आदि उपस्थित रहे।




# सरदार पटेल विद्यापीठ हाई स्कूल बदनावर में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**जिला ब्यूरो धार/मो. 9424075866**

बदनावर - श्री पाटीदार पारमार्थिक एवं शैक्षणिक न्यास द्वारा संचालित श्री सरदार पटेल विद्यापीठ हाई स्कूल बदनावर में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान छात्रा दिव्या धाकड़ 87त्र , द्वितीय स्थान छात्रा कशिश पाटीदार 84त्र , तृतीय स्थान छात्रा अर्चना धाकड़ 82.4त्र अर्जित कर विद्यालय को गोरांवित किया। इस अवसर पर श्री पाटीदार परमार्थिक एवं शैक्षणिक न्यास के अध्यक्ष श्री रामेश्वर जी मुकाती, शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीकृष्णकांत जी पाटीदार, कोषाध्यक्ष श्री किशन जी पाटीदार, सचिव दिनेश जी पटेल, निर्देशक संजय जी पटेल, बस समिति अध्यक्ष तेजकरण जी चावड़ा, पूनमचंद जी पालोत्रा, श्री गणपतलाल जी पाटीदार, श्री रामचंद्र जी पाटीदार, श्री हवतीलाल जी पाटीदार, श्री जगदीश जी पटेल, श्री मोतीराम जी पाटीदार, श्री दशरथ जी पाटीदार एवं समस्त न्यासीगण, संस्था के सीईओ श्री गुरप्रीत सिंह सलूजा, संस्था के तीनों इकाइयों के प्राचार्य श्री कमलेश बैरागी, श्री रविंद्र शर्मा, श्री लाखन सिंह चावड़ा, क्रीडा शिक्षक श्री दिलीप सिंह परमार व समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीएम राइज स्कूल में समर कैंप 27 अप्रैल से 6 मई तक आयेजित होगा

**जिला ब्यूरो धार /मो. 9424075866**

धार - 25 अप्रैल 2024 को आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सीएम राइज स्कूल धार में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन 27 अप्रैल से 6 मई तक किया जाएगा। इस शिविर




में शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के विद्यार्थी निःशुल्क रूप से भाग ले सकते हैं। सीएम राइज स्कूल धार के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने बताया कि विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी निपुण हो, यह शिविर का उद्देश्य है । शिविर पूर्णतः निःशुल्क है तथा शिविर में 10 दिन तक प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 11 बजे तक विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर में आयोजित की जाने वाली विधाओं में संगीत, गायन, वादन, लोकगीत, नृत्य प्रशिक्षण, सिलाई कढ़ाई, क्राफ्टआर्ट, लीफ आर्ट, साहित्यिक गतिविधियां, कंप्यूटर प्रशिक्षण, मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास, स्काउट गाइड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, खेलकूद आदि प्रमुख है। कैंप में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। उन्होंने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शासकीय एवम अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की है।


# धिरौली कोल माइंस उपखंड देवसर के क्षेत्र में और अवार्ड पारित माड़ा उपखंड अधिकारी द्वारा और अवार्ड मे उल्लेख हो रहा उपखंड सिंगरौली ,भ्रमित हो रही जनता

### कार्य मुक्त होने के बाद बैक डेट में अवार्ड पारित करना संदेह के घेरे में

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली

**अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- सिंगरौली जिले को लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है ,और बड़े बड़े उद्योग पतियों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रशासन के द्वारा एक और नियमों को दरकिनार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर आम जनता को भी परेशान किया जा रहा है अभी धिरौली कोल माइंस का एक मामला सामने आया है जिसमे भ्रमित करने वाले आदेश अवार्ड किया जा रहे हैं,बताते हैं कि पांच गावों के अवार्ड आदेश पारित करने में कहीं ना कहीं लंबा खेल हुआ है जिस उपखंड अधिकारी के नाम से आदेश जारी हुआ है वे अधिकारी उस समय संबंधित उपखंड ने थे ही नहीं साथ ही धिरौली कोल माइंस उपखंड देवसर क्षेत्र में है और उपखंड अधिकारी माड़ा अवार्ड पारित कर रहा है फिर सिंगरौली उपखंड से आदेश जारी क्यों हो रहा है यह अपनेआप में संदेहास्पद है




### मामले पर एक नजर

जानकारी के अनुसार सिंगरौली जिले का अभी वर्तमान में धिरौली कोल माइंस( अदानी कंपनी ) का 5 ग्रामों का किया गया अवार्ड का अवलोकन किया जा सकता है कि जिला प्रशासन के द्वारा जो उपखंड अधिकारी सिंगरौली जिला सिंगरौली द्वारा जनवरी एवं फरवरी 2024 में अवार्ड पारित कर रहा है वह उस दिनांक में उपखंड सिंगरौली में पदस्थ ही नहीं है वह उस दिनांक में उपखंड माडा का उपखंड अधिकारी है तो फिर उपखंड न्यायालय सिंगरौली जिला सिंगरौली क्यों लिख करके एवार्ड पारित किया गया यह जांच का विषय है अमिलिया कोल माइंस एवं सुलेयरी कोल माइंस में भी व्यापक पैमाने पर आम जनता के साथ छल करते हुए अवार्ड पूर्व में पारित कर भ्रष्टाचार कर कंपनी को कई अरबो का फायदा किया गया है धिरौली कोल माइंस नवीन भू अर्जन अधिनियम 2013 से संपूर्ण कार्यवाही किए की गई किंतु इसमें भी कई अरबो का कंपनी को फायदा पहुंचाने के नियत से उपखंड न्यायालय माडा के द्वारा अवार्ड पारित किया गया है और लिखा जा रहा है उपखंड न्यायालय सिंगरौली जिला सिंगरौली जिससे जनता भ्रमित होकर के उपखंड न्यायालय सिंगरौली में शिकायत अथवा अपना आवेदन या अन्य कार्यवाही के लिए भटकती रहे जैसे पूर्व कंपनियों के अर्जन में किए गए हैं

### जांच में जिम्मेदारों पर गिर सकता है गाज

बताया जाता है कि इस पूरे मामले की जांच करने पर निश्चित रूप से बहुत बड़ा खेल सामने आएगा,ऐसी स्थिति में इस कार्य में लगे जिम्मेदार अधिकारियों के उपर निश्चित रूप से गाज गिर सकता है,फिलहाल जांच के दौरान कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारी जिनके द्वारा अवार्ड पारित एवं घोषित किया गया है दोनो अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है

### इनका कहना है

इस पूरे मामले की जांच करता हूं गड़बड़ी होने की स्थित में उचित कार्यवाही की जाएगी

**चंद्र शेखर शुक्ला**
**कलेक्टर सिंगरौली**




**पथरिया में 90वर्षीय वयोवृद्ध श्री ज्ञान चंद सराफ भी वोट डालने पहुंचे उत्साह देखने मिल रहा है**



**हटा / पटेरा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगुवा पतोल के ग्राम रसोटा में बारात जाने के पहले दूल्हा तुलसी विश्वकर्मा पिता टीकाराम विश्वकर्मा ने घोड़ा पर बैठकर पहुंचे मतदान क्रमांक 199 में पहुंच कर किया मतदान**

# भानपुरा तहसील के लालगंज गांव में तेज बरसात के साथ ओले गिरे

### ... करीब डेढ़ सौ बीघा जमीन में लगे तरबूज, खरबूज, संतरे ,मोसंबी आदि की फसलों में हुआ लाखों का नुकसान

### ... शनिवार को पटवारी को भिजवाकर फसल नुकसानी का किया जाएगा सर्वे .. तहसीलदार श्री शर्मा

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार

**भानपुरा**

भानपुरा नि.प्र. तहसील भानपुरा की कंवला ग्राम पंचायत के गांव लालगंज में शुक्रवार 26 अप्रैल की दोपहर लगभग पौने दो बजे तेज बारिश के साथ कले जामुन के आकार के ओले गिरने से 35 से 40 किसान परिवारों की लगभग डेढ़ सौ बीघा जमीन में लगी हुई संतरे,मोसंबी एवं तरबूज, बीज वाले खरबूज आदि की फसलों में 50 लाख रुपए से अधिक रुपए के नुकसानी की किसानों ने आशंका जताई है। किसान ऊंकार सिंह, ब्रज भान सिंह, अमर सिंह, जमनालाल, मुरली, जीवन, ईश्वर, बबलू ,भारमल, जीतमल व अन्य प्रभावित बंजारा समाज के परिवार जन




किसानों ने बताया कि करीब 10 मिनट तक ओले गिरने से उपरोक्त फसलों में लाखों का नुकसान हुआ है। किसान ओंकारलाल, जीवन, जीतमल बंजारा ने बताया कि विशेष करके तरबूज एवं बीज वाले खरबूज जिसके बीज विशेष रूप से काफी कीमती होते हैं, अनेक किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। जिला पंचायत सदस्य रामेश्वर मीणा एवं सरपंच प्रतिनिधि जयकुमार गौड़ ने जिला कलेक्टर मंदसौर व तहसीलदार भानपुरा से नष्ट हुई फसलों का तत्काल धरातल पर सर्वे कराकर पीड़ित प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।

इस मामले में तहसीलदार विनोद शर्मा ने बताया कि मुझे पूरी जानकारी मिली है, शनिवार को पटवारी को मौके पर भिजवा कर फसलों में हुई नुकसानी का सर्वे करवाया जाएगा।

# अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी मे चोरी करने वाली आरोपिया महिलाओ एवं चोरी का माल खरीदने वाले कबाडी को किया गिरफ्तार करीबन 1 लाख 30 हजार रूपये का माल जप्त

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

भोपाल।। जिला भोपाल देहात पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं एसडीओपी ईटखेडी मंजू चौहान के मार्गदर्शन मे चोरी पर अंकुश लगाने हेतु एवं चोरो की पतारसी हेतु विशेष टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य मे थाना प्रभारी ईटखेडी द्वारा चोरो के पकडने हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई ।

### *घटना का संक्षित विवरण*–

दिनाँक 22.03.2024 को फरियादी हरीश देवनानी पिता श्री खुशालदास देवनानी उम्र 52 साल निवासी बी 12 विनय नगर लाल घाटी भोपाल द्वारा रिपोर्ट किया कि अज्ञात 3-4 महिलाओ द्वारा अचारपुरा फैक्टरी से कापर वायर की रोल 32-35 करीबन 45 हजार रूपये की अज्ञात 02-03 महिलाओ द्वारा चोरी की गई है चोरी करने वाली महिलायें फुटेज मे दिख रही है कि रिपोर्ट पर अप.क. 91/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया। इसी प्रकार दिनाँक 17.04.2024 को फरियादी सुशील कुमार चावला पिता स्व.भागचंद चावला उम्र 46 साल निवासी म.न.213 पार्क 03 पंचवटी कालोनी एयरपोर्ट रोड भोपाल मो.न.9425007420 ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की अचारपुरा मे दाल बनाने की फैक्ट्री है कल दिनांक 16/04/24 को 06/00 बजे करीब फैक्ट्री बंद कर अपने घर वापस आ गया था आज दिनांक 17/04/24 को 10/00 बजे दिन मे अपनी फैक्ट्री अचारपुरा पहुँचा तो सामान बिखरा पडा था चेक करने पर 02 इलेक्ट्रिक मोटर (क्रामटन कंपनी) जिसमे 01 पांच एचपी एवं दूसरी 02 एचपी की है को एवं कापर वायर का एक बोरी कीमती 85 हजार रूपये की नही दिखे कोई अज्ञात चोर मेरी फैक्ट्री कि दीवार के सहारे अंदर घुसकर फैक्ट्री मे रखे 02 इलेक्ट्रिक मोटर ( क्रामटन कंपनी) एवं कापर वायर का एक बोरी कीमती 85 हजार रूपये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध कमाँक 157/24 धारा 379 भादवि का




कायम कर विवेचना मे लिया गया दौराने विवेचना अचारपुरा फैक्टरी मे 02 महिलाये जो पन्नी बीनने का काम करती है संदिग्ध हालत मे दिखी जिन्हे घेराबंदी कर पकडा तथा नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम गुजिया बाई पति काई उर्फ आशीष पारधी चौहान उम्र 35 साल नि. ग्राम अगरिया कालापीपल थाना ईटखेडी जिला भोपाल एवं दुसरी ने अपना नाम प्रियंका बाई पति बिलोदर पारधी चौहान उम्र 22 साल नि. ग्राम अगरिया कालापीपल थाना ईटखेडी जिला भोपाल का होना बताया तथा दोनो जगह चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किया गया माल ग्राम हर्राखेडा निवासी अनीश मियाँ कबाडी को बेचना बताया अनीश कबाडी को हिरासत मे लेकर पूछताछ की गई जिससे दोनो अपराध मे चोरी गया मशरूका कापर वायर की रोल 30 नग कीमती करीबन 45 हजार रूपये एवं 02 इलेक्ट्रिक मोटर जिसमे 01 पांच एचपी एवं दूसरी 02 एचपी की है को एवं कापर वायर का एक बोरी कीमती करीबन 85 हजार रूपये कुल मशरूका करीबन 1 लाख 30 हजार रूपये का जप्त किया गया आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपीगणो के आपराधिक रिकार्ड का पता किया जा रहा है ।

### गिरफ्तार आरोपीगणो के नाम पत्ता

1. गुजिया बाई पति काई उर्फ आशीष पारधी चौहान उम्र 35 साल नि. ग्राम अगरिया कालापीपल थाना ईटखेडी भोपाल
2. प्रियंका बाई पति बिलोदर पारधी चौहान उम्र 22 साल नि. ग्राम अगरिया कालापीपल थाना ईटखेडी भोपाल
3. अनीश मियाँ पिता मुन्ने खाँ उम्र 38 साल निवासी संजय नगर शहाजहाँनाबाद जिला भोपाल म.प्र. जप्त शुदा माल

1.कापर वायर की रोल 30 नग कीमती करीबन 45 हजार रूपये

2. 02 इलेक्ट्रिक मोटर एवं कापर वायर का एक बोरी कीमती करीबन 85 हजार रूपये कुल मशरूका करीबन 1 लाख 30 हजार रूपये

### पुलिस टीम

प्रकरण की सफलता मे थाना प्रभारी ईटखेडी दुर्जन सिह बरकडे ,उनि संध्या रघुवंशी ,सउनि सुरेन्द वाजपेयी, सउनि राजकुमार उईके , प्र.आर 1270 सतीश जाट , प्र.आर 2825 सुन्दरलाल अहिरवार,आरक्षक 2963 लोकेश पाईवेट ड्रायवर अमित चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेम प्रकाश दीक्षित भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा के जिला संयोजक नियुक्त

राजेंद्र खरे कटनी

कटनी अखिल भारतीय वैश्य महा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुध्द बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कटनी जिले मे विगत कई वर्षो से



निकल रही भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर निकलने वाले वाली सोभा यात्रा समिति के सदस्यों ने इस वर्ष निकलने वाली सोभा यात्रा समिति के संचलन हेतु सर्ब सम्मति से कटनी जिले के लोकप्रिय एवम सभी समाजो मे लोक प्रिय भाई श्री प्रेम प्रकाश दिक्षित जी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवम सोभा यात्रा का सयोजक बनाया गया है इनकी नियुक्ति पर मनमोहन शुक्ला राजू शर्मा बिल्लू शर्मा गीता पाठक एड अंजुला सरावगी सन्तोष पांडेय पप्पू दीक्षित प्रमोद खम्परिया कल्पना दुबे अनिरुध्द बजाज राजू खण्डेलवाल मनोज निगम सुभास मालाकार पप्पू भैया शानू स्वीट्स वैध सुरेन्द्र विश्वकर्मा संजय गुप्ता एड अंतु पांडेय अंशुल बहरे अंतु गुप्ता श्याम तिवारी राजू रजक एड अरविंद पांडेय राम नरेश तिवारी आदि समजसवीओ ने इनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इनके हर समाजिक कार्यो पर अपना सहयोग देगे।

## लोकसभा चुनाव के पूर्व ऑब्जर्वर का दौरा:आलोट सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ मीटिंग कर दिए दिशा निर्देश, 13 मई को उज्जैन लोकसभा सीट पर होना है वोटिंग

रिपोर्टर– दिनेश शुक्ला

आलोट। लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग लगातार सक्रियता से कार्य कर रहा है। आज उज्जैन लोकसभा सीट से व्यय ऑब्जर्वर बसंत गड़वाल (द्धक्र्स) आलोट पहुंचकर अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। इस



दौरान उनके साथ सुरेश मनवानी एमपी आरडीसी महाप्रबंधक, दिनेश बगरिया वरिष्ठ निजी सहायक शिक्षा विभाग, अभिषेक शर्मा मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन, आलोट एसडीएम सुनील कुमार जायसवाल तहसीलदार सोनम भगत भी मौजूद रहे। व्यय ऑब्जर्वर बसंत गढ़वाल ने बताया कि एफएसटी,एसएसटी टीम को मोटिवेट भी किया जा रहा है, जिले के बाहर की सीमा से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। अवैध गतिविधियों को रोकना में जिम्मेदारी है।

### वोटिंग प्रतिशत बढ़ने पर जोर।

आब्जर्वर ने बताया कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं,ऑब्जर्वर गढ़वाल ने बताया कि पिछली विधानसभा चुनाव के वोटिंग प्रतिशत से भी इस बार का वोट प्रतिशत ज्यादा हो ऐसी लोगों से अपील की जा रही।

### चुनावी खर्च पर नजर।


व्यय ऑब्जर्वर ने अपने-अपने क्षेत्र के सहायक व्यय पर्यवेक्षकों व्यय अनुवीक्षण टीमों की मॉनिटरिंग करें के प्रत्याशियों के खर्च पर भी नजर रख रहे है । बतादे की प्रत्याशियों के चुनाव खर्च के लिए नामांकरण करने से एक दिन पूर्व बैंक खाता खोला जाता है जिस पर निर्वाचन आयोग की पूरी नजरे होती है। बता दे की उज्जैन लोकसभा सीट पर 13 में को वोटिंग होना है, दोनों ही डाल के प्रत्याशी चुनाव कैंपेनिंग में लगे हुए हैं, ऐसे में निष्पक्ष चुनाव हो उसके लिए निर्वाचन आयोग लगातार उज्जैन लोक सभा सीट पर अपनी नज़रें बनाए हुए हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सपत्नीक पहुंचकर किया मतदान

### लोकतंत्र के महापर्व में मतदान जरूर करें

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने सपत्नीक 26 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत छतरपुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 184 उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में पहुंचकर मतदान किया। कलेक्टर श्री जी.आर. परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान अवश्य करें।

# इधर-उधर भटकने से किसी को भी परमात्मा नहीं मिलता है- जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी महाराज

## बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया यहां सन्तमत में प्रैक्टिकल क्यों कराया जाता है

पटना (बिहार)। इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि ध्यान भजन जितनी देर तक करोगे, उतना ही मन जल्दी रुकने लग जाएगा। खूब अभ्यास करना। कुछ लोग ज्यादा तार्किक होते हैं। जो ज्यादा पढ़े लिखे लोग होते हैं उनको विश्वास प्रैक्टिकल करके होता है। देखे बिन न होय परतिती, बिन परतीत होय न प्रीति। बगैर देखे विश्वास नहीं होता है। जब अपनी आंख से देख लेते हैं, सुन लेते हैं तब विश्वास होता है। इसलिए तो प्रैक्टिकल यहां कराया जाता है। गरीब हो, अमीर हो, सबके लिए भजन ध्यान सुमिरन का प्रैक्टिकल कराया जाता है।

### नाम की कमाई समझने के लिए वक्त के सतगुरु के पास जाना पड़ेगा

जैसे लड़के को पढ़ने के लिए समय के (यानी जीवित) मास्टर के पास भेजना पड़ेगा ऐसे ही वक्त के गुरु की जरूरत होती है। समय पर कौन ऐसा काम कर सकता है? शब्द भेदी गुरु कौन है? उसके पास जाना पड़ेगा। जीवात्मा के कल्याण के लिए, नाम लेने के लिए, नाम की कमाई समझने के लिए जाना पड़ेगा। ऐसे ही वक्त का नाम होता है। यह जो पांच नाम है, यह तो हमेशा रहा है। लेकिन जो वर्णनात्मक नाम है, जिसको राम भगवान का नाम, कृष्ण भगवान का नाम बताया गया, यह वक्त का नाम है। यह बदलता रहता है। सतसाहब, वाहेगुरु, राधा स्वामी, नारायण नाम आदि आया। तमाम सन्त जो आए, वह अपने मुंह से जो नाम बता दिए और जहां से जिस स्थान से आए वहां से उन्होंने उसको जोड़ा, उससे जितना फायदा लोगों को हो सका, दिलाया। तो इस समय पर यह जो जयगुरुदेव नाम है, यह गुरु महाराज का जगाया हुआ नाम है। इसमें भी परमात्मा की पूरी शक्ति ताकत भरी हुई है। हम यह नहीं कहते हैं की जो नाम आप लेते हो, उस नाम को मत लो। हम किसी का विरोध नहीं करते हैं। देखो प्रेमियो! मान लो



कोई रेखा खींची हुई है और उस रेखा से अब काम नहीं चलने वाला है, बड़ी रेखा खींचनी पड़ेगी तो बड़ी रेखा खींच दो। अब कोई कहे कि यह छोटी करने के लिए बड़ी रेखा खींच दिए तो यह तो भ्रम और भूल होगा। बड़ी रेखा, बड़ी चीज की जरूरत आपको है, वह चीज जब आपको मिल जाएगी तब तो आप उसी को अपनाओगे। मोटी बात समझो- कोई दुकान खोल करके बैठे और दुकान चले। कोई जानकार मिल गया, कहा अरे उस चौराहे पर दुकान खोलो, इस नाम से खोलो, यह सामान रख लो तो बहुत चलेगी, वैसा किया तो पिछली से बहुत ज्यादा बढ़िया दूसरी दूकान अब चल गई तो आदमी पहली दुकान को खोलेगा या दूसरी को खोलेगा? दूसरी को चलाएगा क्योंकि उसमें ज्यादा आमदनी होगी। ऐसे ही वक्त पर नाम जो आता है, उसी का प्रचलन होता है। और एक ही नाम एक समय का अगर रह गया होता तो बाकी नाम आते ही क्यों। इसलिए- नाम रहा सन्तन आधीना, सन्त बिना कोई नाम ना चीन्हा। नाम तो महात्माओं के अधीन हुआ करता है। गुरु महाराज पूरे सन्त थे इसीलिए उन्होंने एक नाम जयगुरुदेव को सर्वोपरि शक्ति से जोड़ा था। जहां से उनको भेजा गया था, जहां से इस धरती पर आए थे, वहां से उन्होंने नाम को जोड़ दिया था। सतदेश सतलोक जिसको कहा गया, वहां से जोड़ा था। वक्त के नाम से जब उस प्रभु को पुकारते हैं तो वह देखता मदद करता है। बहुत से लोगों को फायदा हुआ, आप भी आजमाइश करके देख लो।

### इधर-उधर भटकने से किसी को भी परमात्मा नहीं मिला है

जीव जब समझ लेता है कि इधर-उधर कुछ नहीं मिलने वाला है तो गुरु को पकड़ लेता है। नहीं तो भटकते रह जाओगे, समय निकल जाएगा। इधर-उधर भटकने से किसी को भी परमात्मा नहीं मिला। यह इतिहास, धार्मिक किताबें बता रही है, मिला तो इसी मनुष्य शरीर में मिला। और मिलेगा तो इसी मनुष्य शरीर में प्रभु मिलेगा। इस मनुष्य शरीर के अंदर ही जो बुद्धि विवेक है, वही सब कुछ खजाने को दिला सकती है, सब कुछ करा सकती है। और इसी (मनुष्य शरीर) में ही सब कुछ है। या घट भीतर सात समुद्रर, यही में मल मल नहाओ, मन मौरा विदेशवा न जाओ, घर ही है चाकरी, यह घट भीतर कल्पवृक्ष है, यही के नीचे छांव, मन मौरा विदेशवा न जाओ, घर ही यह चाकरी। जब उदाहरण देकर समझाया, महात्माओं की बातों को बताया और बताया कि केवल कहा ही नहीं, देखा भी है। किसने? कबीर साहब ने। ज्यों तिल माही तेल है, जो चकमक में आग, तेरा साईं तुझमें, जान सके तो जान। कस्तूरी कुंडल बसे, मृग ढुँढे वन माही, ऐसे घट-घट राम है, दुनिया देखत नाही। महात्मा ही नहीं, जो भी सुरत शब्द योग की साधना किये, जो भी अंतर में अपनी दृष्टि, तीसरी आंख को खोलें, जो भी देवीय आकाशवाणी को अंदर के तीसरे कान से सुने, सब फकीरों ने भी यही बात कही- अल्लाह अल्लाह का मजा, मुर्शिद के महखाने में है, दोनों आलम की हकीकत एक पैमाने में है, न खुदा मंदिर में देखा, न खुद मस्जिद में है, शेख जिरिंदों से पूछो, दिल के आशियाने में है। इसी में मिलता है। तो जब लोगों के समझ में आ जाता है तो कहां से होना है? सब कुछ इसी शरीर से होगा। शरीर के न रहने पर कुछ नहीं हो पाएगा। और शरीर का यह एक-एक दिन का समय निकला चला जा रहा है। यह जो जीने का समय है उस समय को दिन-रात रूपी चूहे काट कर खत्म कर दे रहे हैं। यह घड़ियाँ बता रही है कि देखो एक-एक मिनट तुम्हारा जीवन का चला जा रहा है। तो हमको कुछ इससे करना चाहिए। यह अगर समझ में आ गया की सतगुरु वैद्य अगर मिल जाएंगे तभी यह रोग जाएगा, तभी यह रोना-धोना जाएगा तभी यह जन्मना मरना जाएगा तो सतगुरु को बांह पकड़ा देनी चाहिए।

# प्रदेश की राजधानी भोपाल में भू माफियाओं को रोकने में शासन प्रशासन नाकामयाब करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर भू माफिया कर रहे हैं राज




### दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा .9425727854

भोपाल।। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल तहसील हुजूर के ग्राम पंचायत बिशन खेड़ी के मीणा चौराहे पर माफिया द्वारा कमर्शियल मार्केट बनाया गया जबकि पूरा मामला लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक तहसील हुजूर के नायव तहसीलदार रतिराम अहिरवार महोदय एवं पटवारी तरूण श्री वास्तव के संज्ञान में है पर अभी तक अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है आखिर क्यों पत्रकारों द्वारा बार-बार मामला संज्ञान में लाया जा रहा है पर आखिर शाशन प्रशासन क्यो मजबूर हैं कारवाई करने के लिए राजकुमार मीना पता- खेड़ी नामदारपुरा, थाना गुनगा, अर्जुन मीना निवासी- ग्राम चंदूखेड़ी, थाना परवलिया सड़क एवं सौदान सिंह पता-खेड़ी नामदारपुरा, थाना गुनगा के निवासी हैं, इनके द्वारा ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी, मीना चौराहे पर भू-माफियाओं की मिलीभगत से शासकीय भूमि खसरा क्र. 347 रकबा 0.2300 हेक्टेयर के अंश भाग पर लगभग 15 दुकानें अवैध कब्जा कर कमर्शियल मार्केट बनाया गया है, जिसको लेकर इनके द्वारा कई बार खबर प्रकाशित की गई थी, जिसको लेकर राजकुमार मीना, अर्जुन मीना एवं सौदान सिंह मीना एवं पूर्व सरपंच अशोक मीना एवं अन्य लोगों द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही है और कहा जा रहा है कि यह भूमि हमारी निजी भूमि है, हमारे बीच में आओगे तो तुम्हें जान से मरवा देंगे।

### इनका कहना है कि हमने कई पत्रकार देखे हैं, यह हमारा क्या बिगाड़ लेगा।

अर्जुन मीना, राजकुमार मीना, सौदान सिंह मीना व अन्य के खिलाफ न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त-1, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म0प्र0 द्वारा कारण बताओ नोटिस म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 248 के तहत जवाब मांगा गया है दिनांक 12/04/2024 को उपस्थित होने को कहा गया है, जिस को लेकर बबलू सेन धमकियां दी जा रही है जब पत्रकार द्वारा कोई खबर प्रकाशित की जाती है तो भूमाफिया द्वारा धमकियां दी जाती है एवं उनका रास्ता रोका जाता है ऐसी स्थिति में पत्रकार कैसे सुरक्षित रह सकता है। वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य में आचार संहिता भी लगा हुआ है, फिर भी ऐसे भूमाफिया सक्रिय हैं और अवैध कार्य कर रहे हैं और पत्रकार को डरा, धमका रहे हैं और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।





## -बालिकाओ का दबदबा कायम तीनो पायदान-

देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷

-रणायरा के शासकिय राजीव गाँधी हाई स्कूल का रिजल्ट अच्छा रहा यहाँ सालो से मुख्य पायदान रिजल्ट मे बालीकाओ ने ही बाजी मारी, तनिशा पाटिदार 78 प्रतिशत प्रथम , रानी पाटिदार 77.6 प्रतिशत द्रितिय , कुसुम कुमावत 77.2 प्रतिशत तृतिय के साथ रही कुल 96.25 प्रतिशत का रिजल्ट लेकर विद्यालय ने नाम किया, सभी छात्र छात्राओ ने इसका श्रेय अपने शिक्षको के साथ मातापिता को दिया साथ ही शिक्षको ओर परिवार वालो ने मुह मिठा करवाकर बधाई दी।

# पुत्र को बचाने पिता ने बनवाए जाली दास्तावेज, अपहरण के आरोपी पुत्र के बाद पिता पर जालसजी का मामला दर्ज

शहडोल। अपहरण के आरोप मे जेल मे बंद अपने आरोपी पुत्र को बचाने, पिता ने जो साजिश रची उसमे वह खुद ही फंस गया। जिसके बाद पिता के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरतर निवासी एक नाबालिग़ लड़की के अपहरण की शिकायत परिजनों द्वारा बीते माह फरवरी मे दर्ज कराई गयी थी। जांच उपरान्त पुलिस द्वारा नाबालिग़ को दस्तायाब करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर बुढ़ार न्यायालय मे पेश किया था। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया था। आरोपी युवक मूलतः उत्तर प्रदेश के फारुखाबाद जिले का रहने वाला है । जो शोसल मीडिया के जरिए नाबालिग़ के संपर्क मे आया और फिर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गया था। पुत्र के जेल जाने के बाद आरोपी युवक के पिता पन्ना लाल सिँह कठोरिया पिता राम सिँह 50 वर्ष




नजला मुकुट थाना कायम गंज जिला फारुखाबाद ने आरोपी के नाम की उत्तर प्रदेश से ही एक मार्कशीट, आधार कार्ड समेत कुछ अन्य जाली दास्तावेज तैयार कराकर बुढ़ार न्यायालय मे अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कराए। जिसके अनुसार आरोपी को नाबालिग़ बताते हुए उसे जमानत देने की अपील की गयी। जिस पर न्यायालय द्वारा संदेह प्रतीत होने पर संबंधित केशवाही चौकी पुलिस को आरोपी के पिता द्वारा प्रस्तुत उक्त दास्तावेजो की जांच करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद यहाँ से विवेचनाधिकारी उत्तर प्रदेश के संबंधित जिले के उक्त गाँव मे जाकर जांच पड़ताल की गयी तो पता चला कि यवह सारे दास्तावेज फर्जी हैं। जिस स्कूल की मार्कशीट प्रस्तुत की गयी थीं वहाँ आरोपी का नाम ही दर्ज नही था। साथ ही आधार कार्ड मे भी गलत जन्म तिथि अंकित कराना पाया गया। जिन दास्तावेजो के आधार पर आरोपी युवक को पिता नाबालिग़ बताते हुए जमानत मांग रहा था, वह सभी फर्जी निकले। जिस पर पुलिस द्वारा जांच उरान्त न्यायालय को वास्तविकता बताते हुए आरोपी पिता के खिलाफ धारा 420,467,468,471 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार करने यहाँ से उत्तर प्रदेश टीम जाएगी।

# मेडिकल स्टोर्स का किया गया निरीक्षण, दिए गए आवश्यक निर्देश




शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गुरूवार को औषधि निरीक्षक शहडोल देवेंद्र कुमार जैन द्वारा जयसिंहनगर में मेडिकल स्टोर्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया स मेसेर्स जय गोपाल मेडिकल स्टोर प्रोपा. पंकज राव मे निरीक्षण के दौरान रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए तथा औषधियों का क्रय विक्रय का रिकॉर्ड भी संधारित नहीं पाया गया, मेडिकल स्टोर के संचालक को आगामी आदेश तक औषधियों का क्रय विक्रय रोकने एवं मेडिकल स्टोर बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया स मेसर्स विजय मेडिकल स्टोर प्रोपा. विजय शंकर पांडे पर निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय विक्रय रिकॉर्ड में अनियमितता पाई गई; निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर से औषधियों के चार सैंपल जांच परीक्षण हेतु लिए गएस गुप्ता मेडिकल स्टोर प्रोपा. मुकेश कुमार गुप्ता पर निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय विक्रय का रिकॉर्ड जांच किए गए एवं चार औषधीय के नमूने जांच परीक्षण हेतु लिए गए, इसी प्रकार शिवम मेडिकल स्टोर प्रोपा. ब्रजेश नारायण शुक्ला का नियमानुसार निरीक्षण किया गयास निरीक्षण के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण: निजी विद्यालयों में पाई कमियां, जारी किया शोकाज नोटिस

शहडोल/अनूपपुर। जिले में निजी स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे हैं। इसको लेकर डीईओ ने गुरुवार को स्कूल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्कूलों में कमियां पाई गई। कमी होने पर निजी स्कूलों को नोटिस जारी किया और चार दिनों में जवाब देने को कहा। जिला मुख्यालय स्थित संचालित अशासकीय भारत ज्योति विद्यालय अनूपपुर, बेथल मिशन स्कूल अनूपपुर, महर्षि विद्यालय अनूपपुर और सनवीम विद्यालय अनूपपुर का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी ने किए। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, शुल्क में वृद्धि तथा गणवेश और पुस्तक आदि का अवलोकन किया गया, जिसमें कमियां पाई गई। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस



जारी किया है। संबंधित विद्यालयों को 29 अप्रैल तक अपना स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस ने दो बच्चियों को मां से मिलवाया, लापता बच्चियां सिंगुडी तिराहा के पास मिली

शहडोल/उमरिया। जिले की मानपुर पुलिस ने दो बच्चियों को अपनी मां से मिलवाया है। दोनों ही बच्चियां खेलते खेलते घर से दूर निकल गई थी। इसके बाद मां की सूचना पर पुलिस ने बच्चियों की तलाश की। घर से लगभग 4 किलोमीटर दूर बच्चियों को खोज कर मां से मिलवाया। गुरुवार को मानपुर थाना क्षेत्र में लंका टोला निवासी रूपलाल साहू उम्र 40 साल ने थाना मानपुर में सूचना दी कि मेरी दो बच्चियां काव्या साहू उम्र 5 साल और छवि साहू उम्र 3 साल खेलते-खेलते घर से दोपहर 1 बजे से लापता हो गई है। इस पर मानपुर पुलिस ने टीम बनाई और बच्चियों को तलाश में जुट गई। बच्चियां घर से लगभग चार किलोमीटर दूर सिंगुड़ी तिराहा के पास मिली। पुलिस ने बच्चियों को मां से मिलवाया।



## जिला एवं विकास खंड स्तरीय पेयजल प्रकोष्ठ का किया गया गठन

शहडोल। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में ग्रीष्म ऋतु में जनजनित बीमारियों एवं संभावित पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण नियंत्रण एवं रोकथाम एवं पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय पेयजल प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिला स्तरीय प्रकोष्ठ का दूरभाष क्र 07652-240307 है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय पेयजल समस्या के निराकरण हेतु यू.के सोनी प्रकोष्ठ प्रभारी, मनोज सिंह प्रकोष्ठ रजिस्टर प्रभारी, किरतार सिंह आर्मो, दुर्गेश मिश्रा, इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड शहडोल हेतु व्ही.के केशरवानी प्रभारी सहायक यंत्री, व्ही.एन. पटेल, श्रीमती अनुपमा प्रकाश उपयंत्री गोहपारू, दीप नारायण त्रिपाठी विकासखंड समन्यवय सोहागपुर को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बुढ़ार हेतु व्ही. केशरवानी प्रभारी सहायक यंत्री बुढ़ार, अजय कुमार श्रीवास्तव, रोहिणी गुप्ता विकासखंड समन्वयक बुढ़ार को नियुक्त किया गया हैं। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड ब्यौहारी हेतु अफजल अमानुउल्ला सहायक यंत्री ब्यौहारी, व्ही.एन. पटेल उपयंत्री ब्योहारी को नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारियों को कहा गया है कि पेयजल समस्या एवं जलजनित बीमारियों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का शिकायतों पंजी में प्रविष्टि कर संबंधित सहायक यंत्री उपयंत्री को तत्काल पेयजल से संबंधित सूचना दी जावेगी एवं सहायक यंत्री, उपयंत्री विकासखंड समन्वयक निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उपखंड स्तर पर पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## घर के सामने खेलते-खेलते दो वर्षीय मासूम कुएं में गिरा, हुई दर्दनाक मौत

शहडोल। जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र के खोलका गांव में घर के सामने खेलते खेलते दो वर्षीय मासूम कुएं में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी विनय सिंह ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि खोलका गांव का रहने वाला अभय राज उम्र दो वर्ष घर के सामने खेल रहा था। खेलते खेलते घर के सामने बने कुएं में वह जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई है। कुएं में गिरते वक्त आवाज से परिजनों को इसकी जानकारी लगी, परिजन दौड़े और मासूम को कुएं से निकला. जब तक मासूम ने दम तोड़ दिया था। मामले की जानकारी स्थानी लोगों ने पुलिस को दी, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना कि घर के सामने कुआं था जिसमें अभय राज सिंह पिता समरजीत सिंह उम्र 2 साल की कुएं में डूबने से मौत हुई है। शव को पीएम के लिए अस्पताल लाया गया है जांच की जा रही है।

## शुष्क दिवस घोषित, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तरूण भटनागर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा-1 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 तृतीय चरण में मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर (छ.ग.) जिले में मतदान 07 मई 2024 को होने के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व 05 मई 2024 को शाम 06 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर (छ.ग.) से लगे शहडोल जिले के 03 किलोमीटर सीमावर्ती क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया है।

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 09 मई को

शहडोल। उपायुक्त राजस्व शहडोल ने जानकारी दी है कि कमिश्नर शहडोल की उपस्थिति में 09 मई 2024 को प्रातः 11 बजे से विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

## कलेक्टर्स-कॉन्फ्रेस (राजस्व) की संभागीय समीक्षा बैठक 08 मई को

शहडोल। उपायुक्त राजस्व शहडोल ने जानकारी दी है कि कमिश्नर शहडोल की उपस्थिति में 08 मई 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर्स-कॉन्फ्रेस (राजस्व) की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

# पुलिस ने की आबकारी एक्ट के तहत 05 कार्यवाही

शहडोल। थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम सिरौंजा में दबिश देकर आरोपी अशोक प्रजापति पिता जयलाल प्रजापति उम्र 34 वर्ष निवासी सिरौंजा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ब्यौहारी में दबिश देकर आरोपिया रामलाल पटेल की पत्नी उम्र 32 वर्ष निवासी भोगिया टोला ब्यौहारी के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 700 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार थाना देवलोंद क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने बुढवा में दबिश देकर आरोपिया शोमनाथ जायसवाल की पत्नी निवासी बुढवा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने धनपुरी में दबिश देकर आरोपी शारदा दाहिया पिता राम प्रसाद दाहिया उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड न.12 धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत गुरूवार को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने सोहागपुर में दबिश देकर आरोपी श्याम किशोर चौरसिया पिता भीमसेन चौरसिया उम्र 29 वर्ष निवासी पपोल टोला के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# जर्जर स्कूल भवन को कराएं डिस्मेंटल: कलेक्टर

**अवैध कॉलोनियों पर करें सख्त कार्रवाई,**

शहडोल/अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध अतिक्रमण और अवैध कॉलोनी पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नगरों में दुकान संचालकों, व्यापारियों और प्रतिष्ठान संचालकों ने सड़क पर अवैध कब्जे किए जाते हैं, उनकी निगरानी रखी जाए और मुनादी कराकर अतिक्रमण की कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर ने कहा की जिले में अगर कोई स्कूल भवन जर्जर की स्थिति में है, तो उसे प्रमुखता के आधार पर डिस्मेंटल कराएं। उन्होंने कहा कि इसका भी ध्यान रखा जाए कि डिस्मेंटल के पूर्व उस भवन में कोई भी कक्षा का संचालन ना हो। बैठक में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए की सभी अनुभाग अंतर्गत निजी विद्यालयों संचालकों की बैठक बुलाकर शासन ने फीस, ड्रेस, किताब इत्यादि के बारे में जारी दिशा निर्देश से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के फीस, किताब, ड्रेस इत्यादि के नाम पर शिकायत ना आए। शासन के जारी दिशा निर्देशों का पालन कराएं।

# ताल मे निकाला सिंदूर लगा पत्थर : वार्ड वासी बोले इसी मे है हमारे भगवान,मुस्लिम शख्स ने उठाया पूरा मंदिर बनाने का बीड़ा

रिपोर्टर – दिनेश शुक्ला


आलोट।ताल के वार्ड नंबर 2 में ईंटों का ढेर हटाने के दौरान वार्ड वासियों को सिंदूर लगा पत्थर दिखाई दिया इसके बाद लोगों की आस्थाएं प्रकट हो गई है। वार्ड के लोगो ने अब यहाँ मंदिर बनने के की बात कही है।

वार्ड नंबर 2 की रहने वाली कला भाई घर के सामने पड़ी ईंटों को हटा रखी थी तभी उन्हें सिंदूर लगाए पत्थर दिखाई दिया।

**वार्ड में नहीं हिन्दू मंदिर।**

ताल के वार्ड नंबर 2 में करीब 1200 मतदाता रहते हैं। विष्णु कुंवर ने बताया कि इस वार्ड मे एक भी हिंदू मंदिर नहीं है। वार्ड वासी पहले भी कई बार यहां प मंदिर बनाने की इच्छा जाहिर कर चुके थे,इस वार्ड में अधिकांश मजदूर वर्ग के लोग ही रहते हैं जिस कारण मंदिर बनाने





का खर्च नहीं उठा पा रहे थे।

जिस स्थान पर सिंदूर लगा पत्थर निकला है वहां की मिट्टी रविवार को माता जी के स्थान पर ले जाकर वार्ड वासी यह जानेंगे की सिंदूर लगे पत्थर व कौन से भगवान का स्वरूप है। इसके लिए वार्ड वासी पंडितों से भी सलाह ले रहे हैं।

**मुस्लिम शख्स ने उठाया मंदिर बनाने का बीड़ा।**

ताल के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले समाजसेवी आजाद मेव मंदिर बनने की बात कहा कर भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की है,आजाद मेव ने कहा है की मंदिर बनने का पूरा खर्च वो उठाएंगे।मेव ने कहा की नसीब वाले ही मंदिर मस्जिद बनाते। ये ऊपर वाले की इच्छा से शुभ कार्य होते है। आजद मेव भाजपा नेता भी है, इसकी माता इसी वार्ड से भाजपा पार्षद भी है।

# मैंने तो मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाली, क्या आपने निभाई

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

***सात फेरे लेकर शादी से बंधन और वोट डालकर लोकतंत्र से वंदन***

***दुल्हन भी पहुंची मतदान करने अब आपकी बारी है***

***किसी ने विदाई के पहले और किसी ने विदाई के बाद किया मतदान***

छतरपुर जिले में अभी शादियों का दौर चल रहा है। साथ ही





लोकतंत्र का महापर्व भी, तो फिर मतदान से कैसे रहें पीछे। सात फेरे लेकर जीवन भर के लिए शादी के पवित्र बंधन में बंध जाने के साथ ही दुल्हनों ने मतदान कर लोकतंत्र का वंदन किया है। पूरे उत्साह के साथ किसी ने विदाई के बाद तो किसी से फेरे लेकर मतदान कर जागरूकता की अनूठी मिशाल पेश की है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के मतदान केन्द्रों में वोटर्स के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में 26 अप्रैल को छतरपुर जिले के ग्राम कैड़ी में दुल्हन मनीषा कुशवाहा एवं छतरपुर शहर के वार्ड नं 32 की रश्मि सेन ने अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग कर सभी शादी के बंधन में बंधने वाले जोड़ों से मतदान करने की अपील की है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# *घोटाला करने का निकाला नायब तरीका रात में कराया जा रहा मनरेगा कार्य

### ग्राम पंचायत भिठिया जाल्हेपुर व चेनिया में एक दिन में लगभग 1 लाख रुपये का बंदरबाट किया जा रहा है।




जनपद(सीतापुर) जनपद में लगातार भ्रष्टाचार की नई नई इबारत लिखी जा रही है, वित्त से लेकर मनरेगा कार्यों में जिम्मेदारों के संरक्षण जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जनपद की अधिकतर विकास खंडो में मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, विकास खंड बेहटा की एक एक ग्राम पंचायत में लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है,वही जिम्मेदार अधिकारी तकनीकी सहायक से लेकर विकास खंड के पर बैठे आलाधिकारी भी इन घोटालो से अछूते नही है।

विकास खंड बेहटा की ग्राम पंचायत भिठिया जाल्हेपुर में जिम्मेदारो के संरक्षण में मनरेगा के अलग अलग कार्यों में लाखों रुपये का सरकार को लगा चुना लगा दिया गया, ग्राम पंचायत में अलग अलग पांच कार्यो पर 27 मास्टर रोल पर 258 श्रमिको की हाज़िरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य क्रमशः 1-राजकुमार के खेत से भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 59 श्रमिक, 2-विजय के खेत से कमलेश के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 60 श्रमिक, 3- करिया के खेत से रामस्वरूप के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 57 श्रमिक, 4- रवि कुमार के खेत से राजकुमारी के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 54 श्रमिक, 5- राजू के खेत से खेलावन के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 3 मास्टर रोल पर 28 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, कुल मिलाकर 27 मास्टर रोल पर 258 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, लगातार कई दिनों से जिम्मेदारो के द्वारा फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, कार्य स्थल खाली पड़े है, और ऑनलाइन हाजिरी दर्ज लगाई जा रही है,ऑनलाइन हाजिरी में भी अपलोड की फ़ोटो काफी पुरानी है क्योकि अपलोड की गयी फ़ोटो में श्रमिक स्वेटर व जैकेट पहन के कार्य कर रहे है जिससे यह तो साफ हो ही जाता है कि ठंड के मौसम की फ़ोटो अभी तक अपलोड की जा रही है,

वही विकास खंड बेहटा की ही ग्राम पंचायत चेनिया में दो अलग अलग मनरेगा कार्यो में 23 मास्टर रोल पर 220 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, पहले कार्य श्याम बिहारी के खेत से रामऔतार के खेत तक मिटटी पटाई कार्य पर 11 मास्टर रोल पर 101 श्रमिक वही दूसरे कार्य सकटू के खेत से बिश्राम की बाग़ तक भूमि विकास कार्य पर 12 मास्टर रोल पर 119 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई है, किन्तु कार्य स्थल पर कार्य काफी समय से बंद चल रहे है। दोनो हो ग्राम पंचायतों में शाम को 6 बजे के बाद फर्जी हाजिरी दर्ज की जाती है ऐसे में या तो इन ग्राम पंचायतों में रात में कार्य कराए जा रहे है या फिर घोटाला करने का कोई नायब तरीका निकाला निकाला गया है।

जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नोटिस जारी कर दी गयी है कारवाही की जाएगी

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोली में अभिनंदन समारोह संपन्न



महोली (सीतापुर)सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोली में बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमा कान्त शुक्ल व कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्रीश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर आयोजन का उद्घाटन किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि ने बच्चों से कहा कि यह समय उनके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अच्छे लोगों का साथ करें।अराजक तत्वों से दूर रहे।अपने माता पिता और गुरुजनों का हमेशा आदर करें।कानून के पालन का स्वभाव बनाएँ।अच्छी शिक्षा प्राप्त करके श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश तथा समाज की सेवा करें।कार्यक्रमाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।परिश्रम से असम्भव को भी सम्भव किया जा सकता है।जिन छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से आज पुरस्कार अर्जित किए हैं मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देते हुए सभी छात्रों से कहना चाहूँगा कि वे इनसे प्रेरणा लेकर आगामी परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करें।हाईस्कूल के टापर आस्था वर्मा-561अंक, आयुष कुमार-549, सूर्यांश मिश्र-548, अभय दीक्षित-541, करन पटेल-541, आयुष वर्मा-535 इसी प्रकार इण्टर के यश दीक्षित 462, दिपाली कश्यप 460, प्रिया त्रिपाठी 452, अंकुश अवस्थी-451, रितिका अवस्थी-443 अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने तिलक वन्दन माल्यार्पण कर व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी ने अतिथि परिचय व कार्यक्रम की भूमिका रखते बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षाफल बहुत ही उत्कृष्ट रहा।हाईस्कूल व इण्टर में सभी परीक्षार्थी श्रेष्ठ अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे।शत प्रतिशत परीक्षाफल विद्यालय की परम्परा भी रही है।इसके लिए छात्रों की मेहनत, आचार्यों का सही मार्गदर्शन व अभिभावकों का अपेक्षित सहयोग मिला।सभी को बधाई है।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डा. चन्द्र शेखर गुप्ता, प्रबन्धक डा.रूप चन्द्र वर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष बसन्त लाल त्रिवेदी तथा अभिभावक, अध्यापक, छात्र-छात्राएँ व गणमान्य जन उपस्थित रहे।




# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 02 अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी मिश्रिख राजेश यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम प्र0नि0 पंकज तिवारी उ0नि0 रामबरन गुप्ता का0 मानव गुप्ता . का0 सोनू . का0 सौरभ दहिया

द्वारा मु0अ0सं0-91/2024 धारा 2(ख)(1) /3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्त 1.अकील पुत्र सकूर नि0 डेंगरा थाना संदना जनपद सीतापुर 2.मोनिस पुत्र अनीश नि0 संतनगर पश्चिमी रेलवे क्रासिंग कस्बा व थाना सिधौली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण शातिर अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व में गिरोह बनाकर चोरी/नकबजनी जैसे आपराधिक कृत्य में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

सदरपुर थाना पुलिस टीम थाना सदरपुरउ0नि0 दिलीप कुमार आरक्षी मोनू कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अकील पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम नदिया थाना सदरपुर जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 138/24 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग में लाखों का माल जलकर खाक

बिसवां सीतापुर - बिसवां कोतवाली इलाके के ग्राम सरैया माफी के पास स्थित कबाड़ मंडी में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग में लाखों का माल जलकर खाक हो गया। देखते देखते ही आग ने भयानक रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए सीतापुर महमूदाबाद और बिसवां की दमकल



टीम और स्थानीय लोगो ने मिलकर आग पर कबू पाया।


बिसवां कोतवाली अंतर्गत ग्राम सरैया स्थिति कबाड़ मंडी में करीब 40 से 50 दुकानें है जिनमे एक दुकान लहरपुर के मोहल्ला बहलोल पुर निवासी तारिक पुत्र तौकीर खान के दुकान और गोदाम मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी धीरे धीरे आग ने विकराल रूप लेकर धू धू कर जलने लगी। जिसमे लगभग करीब 50 चौपहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गए। लाखों रुपये के माल के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर दमकल की टीम पहुंची । स्थानीय दुकानदारों ग्रामीणों और दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू पाया। घटना की जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुच गए थे।

## राजनीतिक दलों के साथ मीटिंग की गयी

सीतापुर ।कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस प्रेक्षक डा0 नीरजा राव, सामान्य प्रेक्षक पी शिवा शंकर द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ मीटिंग की गयी एवं चुनाव आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार चुनाव सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र , प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह , अपर जिला अधिकारी नीतीश सिंह उपस्थित रहे।

# अधिकारी और ठेकेदार शासन की नीतियों पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है

खैराबाद सीतापुर । जहां एक ओर भाजपा सरकार ÷सबका साथ और सबका विकास÷ एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन का झंडा बुलंद कर रही है वहीं दूसरी ओर सरकारी अधिकारी और ठेकेदार शासन की नीतियों पर पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। ताजा मामला खैराबाद नगर पालिका अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से बन रही बड़े मखदूम साहब की मजार से लेकर राष्ट्रीय राज्य मार्ग संख्या 24 को जोड़ने वाली सड़क से संबंधित है। अभी उगली पर ही गिनने भर के दिन बीते है और यह सड़क


सेवा में,
आदरणीय श्री जितिन प्रसाद
माननीय मंत्री लोक निर्माण विभाग
उत्तर प्रदेश लखनऊ।
विषय–लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क की
महोदय,



उधड़ने लगी है ।सड़क निर्माण के समय ही निर्माण में हो रही घोर अनियमितता को देखकर पनवाडिया वार्ड के सभासद उमेश जायसवाल सहित आधा दर्जन लोगों के द्वारा अवर अभियंता से शिकायत भी की गई जिस पर उन्होंने तत्समय यह कहकर कोई सुधार न करने को कहा था कि इस सरकार में कोई डाल में नमक नहीं खाता बल्कि हम लोगो को मोटी रकम देनी पड़ती है। महत्वपूर्ण तो यह है कि इस बात को भी मीडिया के माध्यम से उठाने के बावजूद भी संबंधित पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। मोहल्ले के लोगो ने जैसा सोचा था वैसा ही निकला । जब चंद दिन में सड़क का यह हाल है तो माह व वर्ष बीतने पर क्या होगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन ठेकेदार व अवर अभियंता के हाथ बहुत लंबे है ,यह हर कोई समझ रहा है।इस सम्बंध में मोहल्ले के सभासद उमेश जायसवाल,राजेंद्र सिंह,रघुनंदन,संजय ,विशाल अमित,राम पाल शाक्य ,बनवारी,महेश आदि लोगो ने पुनः लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद से शिकायत कर अविलंब मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी, मनरेगा योजना में मचीं है लूट

### श्रमिक हाजिरी घोटाला में एपीओ विकास श्रीवास्तव नंबर न रिसिब करना खड़े कर रहे कई सवाल

सीतापुर। श्रमिको के लिए बनी सरकार की महत्वकांक्षी मनरेगा योजना को विभाग कर अधिकारी एवं उनके नुमाइंदे ही पलीता लगा रहे हैं। लिहाजा पलायन रोकने के लिए रोजगार गारंटी देने वाली यह योजनाएं वास्तविक लाभार्थी लाभ उठाने से वंचित होते दिख रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण मजदूर के पलायन को रोकने के लिए केन्द्र सरकार मनरेगा योजना मजदूरों को घर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने और चेहरे पर खुशहाली लाने के बजाय लूट खसोट का जरिया बन कर रह गया है ।यह योजना मुखिया, मनरेगा एपीओ, जिम्मेदार सहित अन्यों के लिए कामधेनु बनकर रह गया है।अगर अधिकारी एवं कर्मचारी सहित नुमाइंदों ने नियमानुसार योजनाओं को मूर्तरूप दिला देंगे तो काफी हदतक मजदूरों के पलायन को रोका जा सकता है। लेकिन हकीकत से यह योजना काफी दूर है। योजना की राशि मजदूरों के बदले पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्यों सहित संबंधित कर्मी उठा रहे हैं। मास्टर रोल में शामिल मजदूर को तो महज चूं - चूं का मोरब्बा या झुनझुना थमाकर मजदूरों का पैसा हज़म कर लिया जाता है।




विकास खंड ऐलिया की ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर का में रामू के खेत से गब्बर के खेत मिटटी पटाई कार्य हो रहा है, इस कार्य पर 5 मास्टर रोल पर 43 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई है वही मौके पर कार्य बंद चल रहा है जिम्मेदारो के संरक्षण में लगातार ऑनलाइन फर्जी हाजिरी दर्ज कर सरकारी धन के बंदरबांट के साथ साथ गरीबो के हक को भी मारा जा रहा है।

विकास खण्ड ऐलिया में श्रमिक हाजिरी घोटाले के सम्बध जब भी मनरेगा एपीओ विकास श्रीवास्तव से जानकारी लेने का प्रयास किया जाता है ,तो वह फोन रिसीव करना मुनासिब नही मानते या रिसिब कर भी लेते है तो वह किसी न किसी बहाने से प्रकरण को टालने का प्रयास करते जिससे कार्यवाही न करनी पड़े ।

जिससे एपीओ की कार्य शैली पर कई सवाल खड़े हो रहे है ।

उक्त क्रम में आज भी एपीओ को बजती रही घण्टियाँ नही रिसिब हुआ नम्बर




# मिलान फाउंडेशन द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

### भारत के उज्जवल भविष्य के लिए वोट जरुरी - अमित कुमार

सिधौली/सीतापुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम सतनापुर में मिलान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उन्मुक्त प्रोग्राम के तहत किशोर किशोरियोंने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान फाउंडेशन के किशोर किशोरियों ने हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट पहले जाना वोट डालना वापस आकर गेहूं काटना। उन्मुक्त प्रोग्राम के माध्यम से लोगों में मतदाता जागरूकता की ये पहल गांव के लोगों को काफी प्रभावित की। ब्लॉक कोर्डिनेटर शैलजा शुक्ला ने कहा कि मतदान से भारत का नव निर्माण होगा इसलिए भारत के उज्जवल भविष्य के लिए वोट जरुरी है इसीलिए शत प्रतिशत मतदान करें। फैसिलिटेटर अमित कुमार प्रजापति ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है इसलिए इसे मजबूत करने के लिए इसमें प्रतिभाग करना चहिए। ग्राम प्रधान राम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

फैसिलिटेटर रूचि सिंह ने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मत प्रयोग जरुर कर

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के औरैया आगमन पर पुलिस कप्तान चारु निगम ने जारी की एडवाइजरी

औरैया 26अप्रैल। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 27 अप्रैलको जनता इण्टर कॉलेज अजीतमल जनपद औरैया आ रहे है । उपरोक्त कार्यक्रम/ पाण्डाल में सम्मिलित होने वाले सभी आगन्तुकों के लिये औरैया पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके तहत कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का बैग/सामान लेकर नहीं आएंगे।कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर नहीं आएंगे।

कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का अस्त्र/शस्त्र लेकर नहीं आएंगे , कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ पानी की बोतल/स्याही लेकर नहीं आएंगे ।. कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का काला कपड़ा(अंगौछा आदि) साथ लेकर नहीं आएंगे । कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का इंक पेन/ पेपर वेट आदि लेकर नहीं आएंगे ।कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले सभी आगन्तुक अपने साथ किसी प्रकार का चाकू/ब्लेड,सेफ्टी पिन आदि सामान साथ लेकर नहीं आएंगे ।कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले आगन्तुकों के वाहनों को पार्किंग में सुरक्षित पार्क कराने के लिए निम्न प्रकार से यातायात प्रबन्धन किया गया है।कानपुर की तरफ से आने वाले हल्के वाहन मोहारी अंडरपास से ही अजीतमल कस्बे में प्रवेश कर पाएंगे व भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगा । इटावा से अजीतमल की तरफ आने वाले हल्के वाहन अनन्तराम टोलप्लाज़ा के आगे कट से ही बाए मुड़कर बाबरपुर तिराहा होते हुए अजीतमल कस्बे में आएंगे । अछल्दा व अटसु की तरफ से आने वाले वाहन अटसु तिरहे से बकरामंडी होते हुए अजीतमल कस्बे में आएंगे । एन एच-19 गाड़िया अंडरपास से अजीमल कस्बे की तरफ कोई वाहन नही आएगा । एन एच-19 बिजली पावर हाउस कट से अजीतमल की तरफ आने/जाने वाला यातायात पूर्णतयः प्रतिबंधित रहेगा ।अजीतमल चोरहे से एन एच-19 गाड़िया अंडरपास की तरफ जाने वाला रास्ता एकल मार्ग रहेगा । लालपुर अमलिया अंडरपास से सिर्फ जनता महाविद्यालय में होने वाली जनसभा के कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले वाहन ही प्रवेश करेंगे ।बाबरपुर तिराहे से हाइवे की तरफ सिर्फ जनता महाविद्यालय में होने वाली जनसभा के कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले वाहन ही प्रवेश करेंगे ।जनसभा में सम्मलित होने वाले सभी व्यक्ति निर्धारित पार्किंग में ही अपने वाहन पार्क करेंगे . कोई व्यवस्था सड़क पर वाहन पार्क नही करेगा ।

### जनपदीय यातायात नियंत्रण कक्ष सम्पर्क सूत्र

सीयूजी नं0- 9454402894
व्हाट्सएप नं0- 9454402894
यातायात व्यवस्था में कोई समस्या होने पर उक्त मोबाइल नंबर पर 9415071073 , 8081152840 कराए।



# बेटी सुहाना के साथ फिल्म 'किंग' में अभिनय करेंगे शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नए किरदार में नजर आएंगे। किंग खान की इस फिल्म में उनकी लाडली बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। इसमें सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष जैसे निर्देशक हिस्सा लेने वाले हैं। फिल्म का निर्माण शाहरुख की कंपनी 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' के तहत किया जा रहा है।

हाल ही में खबर आई थी कि शाहरुख ने इस फिल्म के लिए 200 करोड़ रुपये का भारी भरकम निवेश किया है। अब इस फिल्म में उनके रोल की जानकारी सामने आई है। इस फिल्म में शाहरुख एक अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभाएंगे। 'किंग' हॉलीवुड फिल्म 'लियोन÷द प्रोफेशनल' से प्रेरित है लेकिन अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष के साथ शाहरुख भी फिल्म की हर बारीकी पर मेहनत कर रहे हैं।

फिल्म का नाम 'किंग' इसलिए रखा गया है, क्योंकि सुपरस्टार का किरदार 'किंग ऑफ द अंडरवर्ल्ड' है। फिल्म में शाहरुख खान गुरु की भूमिका में और सुहाना उनकी शिष्या की भूमिका निभाएंगी। दोनों के बीच कुछ जबरदस्त एक्शन सीन दिखाए जाएंगे। ये प्रोजेक्ट शाहरुख के काफी करीब है। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद और सुजॉय घोष के साथ शाहरुख फिल्म निर्माण के हर चरण में योगदान दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू होगी और 2025 के अंत तक रिलीज होने की संभावना है।

सुहाना खान ने जोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म 'द आर्चीज़' से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। यह फिल्म 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। जल्द ही सुहाना किंग खान के साथ एक नए रोल में नजर आएंगी।

# मुश्किल में फंसीं एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, महाराष्ट्र साइबर सेल ने भेजा समन

बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया मुश्किल में फंसती नजर आ रही हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल ने तमन्ना को समन भेजा है। फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग के संबंध में तमन्ना को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस स्ट्रीमिंग के कारण वायाकॉम को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्हें 29 अप्रैल को महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

तमन्ना भाटिया ने फेयरप्ले को प्रमोट किया था, इसलिए उन्हें गवाह के तौर पर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उनसे इस बारे में पूछताछ की जाएगी कि फेयरप्ले को बढ़ावा देने के लिए उनसे किसने संपर्क किया और इसके लिए उन्हें कितने पैसे मिले।

तमन्ना भाटिया से पहले इस मामले में अभिनेता संजय दत्त को भी 23 अप्रैल को समन भेजा जा चुका है। संजय फिलहाल मुंबई में नहीं हैं, इसलिए उन्होंने कहा कि वह दी गई तारीख पर शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने अपना जवाब दर्ज करने के लिए तारीख और समय मांगा है।






# इरफान खान के बेटे बाबिल हुए इमोशनल लिखा क्रिप्टिक पोस्ट, फिर किया डिलीट

दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने अपनी बहुमुखी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। मनोरंजन जगत में आज भी उनकी एक्टिंग की सराहना की जाती है। उन्होंने पान सिंह तोमर, अंग्रेजी मीडियम, लाइफ ऑफ पाई जैसी कई फिल्मों में बेहतरीन भूमिकाएं निभाई। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए उनके बेटे बाबिल खान ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा।

बाबिल ने अन्विता दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म %%काला%% से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। बाबिल सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहते हैं। एक्टिंग के साथ-साथ वह अपनी पर्सनल लाइफ भी फैंस के साथ शेयर करते हैं। लेकिन, अचानक बाबिल ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा शेयर कर दिया, जिससे हर कोई हैरान रह गया। हाल ही में बाबिल खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, ÷कभी-कभी मेरा मन करता है कि सब कुछ छोड़ दूं और बाबा के पास चला जाऊं।÷ बाबिल की पोस्ट ने सबका ध्यान खींचा। इस बीच बाबिल ने यह पोस्ट डिलीट कर दिया है लेकिन उन्हें लेकर चिंता जाहिर की जा रही है।

शेयर की गई इस पोस्ट के डिलीट होने के बाद फैंस ने उनकी दूसरी पोस्ट पर कमेंट कर चिंता जाहिर की।कुछ दिन पहले बाबिल ने अपने सोशल मीडिया पर मां सुतापा सिकदर और पिता इरफान खान की एक फोटो शेयर की थी। बाबिल खान के काम की बात करें तो वे आने वाली फिल्म 'द उमेश क्रॉनिकल्स' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उन्हें बिग बी अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। जल्द ही यह फिल्म पर्दे पर आएगी।

# 'रामायण' के लिए रणबीर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की 'रामायण' जल्द आ रही है। इसलिए अब वह लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के लिए रणबीर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनकी मेहनत दिख भी रही है। फिलहाल उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये उनके जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन को दर्शाता है। रणबीर फिलहाल अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रहे हैं और उनके फिजिकल ट्रेनर ने उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इस फोटो में रणबीर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन नजर आ रहा है। रणबीर के फिटनेस ट्रेनर शिवोहम ने अपने इंस्टाग्राम पर रणबीर की तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर एनिमल फिल्म की है। इस फिल्म के लिए रणबीर ने अपना वजन बढ़ाया था। इसके बाद उन्होंने रणबीर की दो और तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें उनके सिक्स पैक्स, मसल्स और टोन्ड बॉडी साफ नजर आ रही है। ऐसे में देखा जा सकता है कि वह फिल्म रामायण के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। इससे पहले भी रणबीर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में वह फिटनेस के लिए तैराकी, पहाड़ी पर चढ़ना, साइकिल चलाना, दौड़ना जैसे वर्कआउट कर रहे थे। इसके बाद उनकी जिम तस्वीरें वायरल हो गई हैं। रणबीर प्रभु नितेश तिवारी की रामायण में रामचंद्र की भूमिका निभा रहे हैं। सीता के किरदार में साउथ ब्यूटी साई पल्लवी नजर आएंगी। साथ ही सनी देओल हनुमान का किरदार निभा रहे हैं।

# फ्रूट-जूस से लेकर आइसक्रीम तक, सेहत के लिए बहुत हानिकारक हो सकती हैं ये चीजें





अगर आप चाहते हैं कि सेहत ठीक रहे, इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप खान-पान की चीजों को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहें। गर्मी के दिनों में ठंडक के एहसास के लिए आइसक्रीम खाना भी हमारी पहली पसंद में से एक रहा है, पर क्या आप जानते हैं कि असल में इससे सेहत को कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं? इतना ही नहीं शरीर की पौष्टिकता की पूर्ति के लिए बाजार में मिलने वाले फ्रूट जूस लाभकारी हैं तो भी आपको सावधान हो जाने की जरूरत है। पैक्ड जूस को लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए उसमें कई प्रकार रसायन और प्रिजर्वेटिव्स मिलाए जाते हैं जिससे सेहत को दीर्घकालिक तौर पर कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। आइए जानते हैं कि डॉक्टर इस तरह की चीजों से सभी लोगों को दूरी बनाने की सलाह क्यों देते हैं?

## मिलाए जाते हैं रसायन

पैक्ड जूस को एक साल और उससे अधिक समय तक भी स्टोर किया जा सकता है। इन्हें लंबे समय तक ताजा रखने की प्रक्रिया के दौरान इसके जरूरी विटामिन्स नष्ट हो जाते हैं। यदि आप पैक किए गए जूस के इंग्रेडिएंट्स को देखेंगे तो आपको इनमें ऐडेड शुगर के साथ-साथ स्वाद को ताजा रखने और जूस से कोई अप्रिय गंध न आए इससे बचाने के लिए कई प्रकार के रसायनों को मिलाया जाता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि इस प्रकार के रसायन शरीर को कई प्रकार से नुकसान पहुंचाने वाले हो सकते हैं।

## मोटापा बढ़ने का खतरा

पैक्ड जूस में ऐडेड शुगर के कारण ये न केवल मीठे होते हैं, बल्कि घर पर बने ताजे जूस की तुलना में कैलोरी में भी अधिक होते हैं। ये कैलोरी शरीर में अतिरिक्त वजन को बढ़ाने वाली हो सकती है, यानी कि अगर आप अक्सर इन जूस का सेवन करते हैं तो समय के साथ बेली फैट और मोटापा बढ़ने का खतरा हो सकता है। पैक्ड जूस में कार्बोहाइड्रेट की भी मात्रा होती है जो रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा सकते हैं और लंबे समय में मधुमेह का कारण बन सकते हैं।

## बच्चों की सेहत को नुकसान

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को आइसक्रीम पसंद होती है हालांकि कुछ शोध बताते हैं कि जो लोग अक्सर आइसक्रीम खाते हैं उनका कैलोरी इंटेक अधिक हो सकता है। बच्चों की सेहत पर इसके कई प्रकार के दुष्प्रभाव देखे गए हैं। आइसक्रीम में अक्सर चीनी और वसा की मात्रा अधिक होती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा रहता है। इसके अलावा आइसक्रीम के कारण दांतों में झनझनाहट और कैविटी की समस्या बढ़ने का भी खतरा देखा जाता हहा है



# गर्मियों में इन सब्जियों से कर लें दोस्ती, बॉडी में फिर नहीं होगी पानी की कमी



गर्मियों के मौसम में आपकी बॉडी को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है, क्योंकि इस दौरान ज्यादातर लोगों को गर्मी के चलते खाना खाने का मन नहीं करता है तो ऐसे में वह ऐसी चीजों का सेवन करते हैं, जिससे पानी की कमी न हो. आपके लिए हम ऐसी सब्जियों के बारे में जानकारी लेकर आए हैं, जिसके सेवन से आपको पानी की कमी नहीं होगी. गर्मी में खुद को हाइड्रेट रखने के लिए आपको पोषक तत्वों से भरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए. इसको खाने से आपका पेट ठंडा रहेगा और आप सीजनल बीमारियों से भी दूर रहेंगे. आइए जानते हैं कि ऐसी कौन-सी सब्जियां हैं.

## डाइट में शामिल करें खीरा

गर्मी के मौसम में खीरा बहुत ज्यादा आपको देखने को मिलेगा. बता दें खीरा जरूर खाना चाहिए. इसमें 90 प्रतिशत पानी होता है. इससे पेट भी हेल्दी रहता है. खीरे में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो गर्मियों में आपको बीमारियों से बचाते हैं. खीरा में विटामिन च और ष्ट होता है. गर्मियों में खीरा खाने से शरीर हाइड्रेट रहता है.

## लौकी भी है फायदेमंद

लौकी तो आपकी हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद है. इसे पेट के लिए बहुत फायदेमंद सब्जी कहा जाता है. वैसे आप किसी भी सीजन में लौकी खा सकते हैं, लेकिन गर्मियों में लौकी बहुत फायदा करती है. लौकी पोषक तत्वों से भरपूर है. बता दें कि लौकी में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है. लौकी खाने से पेट से जुड़ी दिक्कतें, हाई कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है.

## जरूर खाएं करेला

करेला भले ही कम लोगों को पसंद हो, लेकिन बता दें कि करेला बहुत फायदेमंद होता है. करेला स्वाद में कड़वा होता हो, लेकिन आपको फिट रखता है. करेले में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और पोटेशियम होता है, जो पाचन तंत्र फिट रखते हैं. करेला खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है.

बीन्स खाने से ये बीमारियां रहेंगी दूर

बीन्स भी आपको जरूर खानी चाहिए. इसे आप उबाल कर हल्का फ्राई करके या फिर सलाद और सब्जी के रूप में खा सकते हैं. बीन्स लो कैलोरी सब्जी है, जो वजन घटाने में मदद करती है. बीन्स काफी लाइट और फाइबर से भरपूर होती हैं.

यहां दी गई जानकारी घरेलू नुस्खों और सामान्य जानकारियों पर आधारित है. इसे अपनाने से पहले चिकित्सीय सलाह जरूर लें.